संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, गुरूवार, 01 जून 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 17 अंकः 148 पृष्ठः 10 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुष्कर में भगवान ब्रह्माजी के किये दर्शन-पूजन और विधिवत पूजा अर्चना की।

# '85 फीसदी कमीशन खाने वाली पार्टी है कांग्रेस'

## 2014 से पहले रिमोट कंट्रोल से चलती थी सरकार, कांग्रेस की 'गरीबों को भरमाओ और तरसाओ' वाली नीति रहीः पीएम मोदी

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को पुष्कर में ब्रह्मा मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी अजमेर में एक जनसभा को संबोधित किया। बता दें कि केंद्र की मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी के महीनेभर के अभियान का यह पहला बड़ा कार्यक्रम है। अजमेर के करीब 15 किलोमीटर दूर स्थित ब्रह्मा मंदिर में प्रधानमंत्री मोदी ने विधिवत पूजा अर्चना की। इसका वीडियो भी सामने आया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज ही देवी अहिल्याबाई होल्कर जी की जन्म जयंती भी है। राष्ट्र निर्माण के कार्यों के लिए देश के लोगों को कर्तव्यपथ की दिशा दिखाने के लिए देवी अहिल्या जी को देश हमेशा याद रखेगा। मैं देवी अहिल्याबाई होल्कर जी को आदरपूर्वक श्रद्धांजलि देता हूं।

**सृष्टि के रचयिता हैं ब्रह्मा जीः** उन्होंने कहा, आज मुझे तीर्थराज पुष्कर जाने का सौभाग्य मिला। हमारे शास्त्रों में ब्रह्मा जी को सृष्टि का रचयिता कहा गया है। ब्रह्मा जी के आशीर्वाद से आज भारत में नव निर्माण का दौर चल रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के नौ साल भी पूरे हो गए हैं।

### मांगों को लेकर कोई समझौता नहींः सचिन

**पूर्व** डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने अपने निर्वाचन क्षेत्र टोंक पहुंचकर सीएम गहलोत, कांग्रेस और जनता को साफ मैसेज दे दिया है कि उनकी मांगों पर कार्रवाई किए बिना वो आंदोलन से पीछे नहीं हटेंगे।



भाजपा सरकार के ये नौ साल देशवासियों की सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए समर्पित रहे हैं।

इसी बीच उन्होंने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा। प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 के पहले की स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि पूरे देश में जनता भ्रष्टाचार के विरुद्ध सड़क पर उतरी हुई थी। कांग्रेस सरकार सीमा पर सड़कें बनाने से भी डरती थी। बड़े-बड़े शहरों में आए दिन आतंकी हमले होते थे। प्रधानमंत्री के ऊपर सुपरपावर थी, कांग्रेस सरकार रिमोट कंट्रोल से चला करती थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की 'गरीबों को भरमाओ, गरीबों को तरसाओ' वाली नीति रही है।

### आठ माह में 100 सीटें कवर चुके हैं पीएम मोदी



**कर्नाटक** की हार के बाद भारतीय जनता पार्टी का पूरा फोकस हिंदी पट्टी के तीन अहम राज्य एमपी-राजस्थान और छत्तीसगढ़ पर हो गया है। पीएम ने अजमेर की रैली के जरिए कांग्रेस की अशोक गहलोत सरकार पर जमकर निशाना साधा। प्रधानमंत्री की इसी रैली के साथ ही भाजपा ने देशभर में चलाए जाने वाले महाजनसंपर्क अभियान के साथ ही राजस्थान विधानसभा चुनाव अभियान की शुरूआत की दी है। पीएम की अजमेर में सभा का असर प्रदेश की आठ लोकसभा क्षेत्रों की 64 में से 45 विधानसभा सीटों पर देखने को मिलेगा। इन 45 सीटों में से भाजपा के पास सिर्फ 20 सीटें हैं। बाकी की 25 सीटों में से 20 कांग्रेस, 2 राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) और 3 सीटें निर्दलीयों के कब्जे में हैं। राजस्थान भाजपा के नेताओं का कहना है कि भाजपा इस अभियान के जरिए मोदी सरकार के कामों को जनता के बीच पहुंचा कर गहलोत सरकार की 'फ्री बिजली' और 'चिरंजीवी' जैसी योजनाओं से बने माहौल का असर को कम करने की कोशिश करेगी। पीएम मोदी का आठ माह में यह छठा राजस्थान दौरा है। मई की 10 तारीख को उन्होंने सिरोही के आबूरोड में सभा की थी। इस सभा के जरिए मोदी ने दक्षिणी राजस्थान के सिरोही, जालौर और पाली सहित आसपास के जिलों की 26 सीटों को साधा था। दक्षिण राजस्थान का यह इलाका भाजपा के लिए मजबूत माना जाता है।

## पंजाबः 2 नए मंत्रियों ने ली शपथ



**टीम एक्शन इंडिया/जालंधर**

**पंजाब** मंत्रिमंडल में चौथी बार विस्तार हो गया है। भगवंत मान अपनी कैबिनेट में करतारपुर के विधायक पूर्व आईपीएस बलकार सिंह और लंबी से विधायक गुरमीत सिंह खुड्डियां को शामिल कर लिया है। दोनों नए मंत्रियों को राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित ने राजभवन में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। बलकार सिंह दोआबा क्षेत्र से ब्रह्मशंकर जिंपा के बाद दूसरे मंत्री हैं। नए मंत्री बने बलकार सिंह को लोकल बॉडी महकमा दिया गया है। यह महकमा इंदरबीर सिंह निज्जर के पास था जिन्होंने मंगलवार शाम को ही कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था। बलकार सिंह पार्लियामेंट्री अफेयर महकमा भी देखेंगे। गुरमीत सिंह खुडिड्यां को कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन, फिशरीज व डेयरी विकास और फूड प्रोसेसिंग जैसे भारी-भरकम मंत्रालय दिए गए हैं।

## 40 मेडिकल कॉलेजों की मान्यता खत्म



**नई दिल्लीः** नेशनल मेडिकल कमीशन के तय किए गए स्टेंडर्ड्स का पालन नहीं करने पर पिछले दो महीनों में देश के करीब 40 मेडिकल कॉलेज मान्यता गंवा चुके हैं। तमिलनाडु, गुजरात, असम, पंजाब, आंध्र प्रदेश, पुडुचेरी और पश्चिम बंगाल में करीब 100 और मेडिकल कॉलेजों पर भी ऐसी ही कार्रवाई की जा सकती है।

**इस तरह की खामियां सामने आईं:** एक महीने से अधिक समय तक किए गए निरीक्षण के दौरान इन मेडिकल कॉलेजों में कई खामियां पाईं। सीसीटीवी कैमरे, आधार से जुड़ी बायोमेट्रिक एटेंडेंस प्रोसेस और फैकल्टी रोल में खामियां मिली हैं। ये कॉलेज सही कैमरा लगाने और उनके कामकाज सहित अन्य स्टेंडर्ड्स फॉलो नहीं कर रहे थे। बायोमेट्रिक सुविधा ठीक नहीं थी।

## टोबैको वॉर्निंग्सः ओटीटी फिल्मों और वेब सीरीज के लिए नए नियम



**नई दिल्लीः** बुधवार को यूनियन हेल्थ मिनिस्ट्री ने ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर एंटी टोबैको वॉर्निंग्स को लेकर नए रूल जारी किए। इस नोटिफिकेशन के मुताबिक ओटीटी प्लेटफॉर्म्स के लिए भी एक ऐसा एंटी टोबैको वॉर्निंग मैसेज चलाना अनिवार्य है जैसा हम सिनेमाघरों और टीवी शोज में देखते हैं।

अगर कोई ऑनलाइन कंटेंट पब्लिशर नए नियमों का पालन नहीं करेगा तो मिनिस्ट्री उस पर सख्त कार्रवाई करेगी। ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर एंटी-टोबैको वॉर्निंग रेगुलेट करने के बाद भारत, टोबैको कंजप्शन के दुष्परिणाम को लेकर जागरूकता फैलाने के मामले में ग्लोबल लीडर बन गया है।

## बिना पहचान पत्र के दो हजार के नोट बदलने के आदेश को चुनौती



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**बिना** किसी पहचान पत्र के दो हजार रुपये के नोट बदलने के रिजर्व बैंक के आदेश को अब सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। इससे पहले इस संबंध में दिल्ली हाई कोर्ट याचिका खारिज कर चुका है।

दिल्ली हाई कोर्ट ने 29 मई को बिना किसी पहचान पत्र के दो हजार रुपये के नोट बदलने के रिजर्व बैंक के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी थी। हाई कोर्ट में सुनवाई के दौरान रिजर्व बैंक की ओर से पेश वकील पराग त्रिपाठी ने कहा था कि ये याचिका सुनवाई योग्य नहीं है और याचिका को जुर्माने के साथ खारिज किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा था कि ये नोटबंदी नहीं है।

## ज्ञानवापीः मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज

**टीम एक्शन इंडिया/प्रयागराज**

**ज्ञानवापी** मस्जिद परिसर में हिंदुओं को मिले पूजा के अधिकार के खिलाफ मस्जिद कमेटी द्वारा दाखिल की गई पुनर्विचार याचिका को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है। कमेटी ने वाराणसी की अदालत में दायर 5 हिंदू महिला उपासकों के फैसले पर हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। श्रृंगार गौरी की नियमित पूजा की मांग वाली याचिका पर जस्टिस जेजे मुनीर की सिंगल बेंच ने यह फैसला सुनाया है। बहस पूरी होने के बाद कोर्ट ने 23 दिसंबर 2022 को फैसला सुरक्षित कर लिया था।



### चुनौती दी थी

= पूजा के अधिकार के खिलाफ कमेटी द्वारा दाखिल की गई पुनर्विचार याचिका को खारिज कर दिया

**मसाजिद कमेटी ने जिला जज वाराणसी के फैसले को दी थी चुनौतीः** श्रृंगार गौरी केस में राखी सिंह और 9 अन्य की ओर से वाराणसी की अदालत में सिविल वाद दाखिल किया गया था। इस मुकदमे में अपनी आपत्ति खारिज होने के खिलाफ इंतजामिया मसाजिद कमेटी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। इस याचिका में अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी ने जिला जज वाराणसी के फैसले को चुनौती दी थी।

## मणिपुरः जल्द बहाल होगी शांतिः शाह

**टीम एक्शन इंडिया/इंफाल**

**हिंसा** प्रभावित मणिपुर में गृह मंत्री अमित शाह ने सुबह म्यांमार बॉर्डर से लगे मोरेह शहर पहुंचे। उन्होंने यहां कूकी समुदाय के संगठनों के साथ बैठक की। शाह ने कहा कि मणिपुर में जल्द शांति बहाल होगी। इसके लिए प्रयास जारी है। उन्होंने मणिपुर पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल और भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सुरक्षा स्थिति का जायजा लिया। सुरक्षाकर्मियों के साथ बैठक में शाह ने कहा, मणिपुर की शांति और समृद्धि उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और अधिकारियों को राज्य की शांति को भंग करने वाली किसी भी गतिविधि से सख्ती से निपटने का निर्देश दिया।

## राहुल गांधी के बयान पर घमासान

**टीम एक्शन इंडिया/सैन फ्रांसिस्को**

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी छह दिन के लिए अमेरिका आए हुए हैं। वह यहां तीन शहरों का दौरा करेंगे। इस बीच, सैन फ्रांसिस्को में राहुल गांधी ने बुधवार सुबह भारतीयों से बातचीत की। जहां उन्होंने भाजपा पर निशाना साधा, वहीं उन्होंने मुस्लिमों पर हो रहे हमले का जवाब दिया।

**मुस्लिम बच्चों को भेजा जा रहा जेलः** दरअसल, कैलिफोर्निया के सांता क्लारा में एक कार्यक्रम में राहुल गांधी लोगों के सवालों के जवाब दे रहे थे। इस दौरान उनसे बे एरिया मुस्लिम कम्युनिटी ने पूछते हुए कहा कि मुस्लिमों को आजकल धमकियां मिल रही हैं, जो पहले कभी नहीं देखा गया। इतना ही नहीं पहले जो कभी बदलाव नहीं हुए, आज कल किए जा रहे है। यहां तक कि मुस्लिम बच्चों को उन मामले में जेल भेजा जा रहा है, जिसे उन्होंने किया ही नहीं है। बे एरिया मुस्लिम कम्युनिटी ने कहा कि आप इस पर क्या भरोसा देना चाहते हैं? भारत में मुस्लिमों की स्थिति क्या है? आप क्या कदम उठाने वाले हैं? जिस से भारत सामान्य स्थिति में लौट सके?



**जैसा आप महसूस करते हैं वैसे ही सारे महसूस कर रहे :** राहुल गांधी ने इसका जवाब देते हुए कहा कि मैं कह सकता हूं कि नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान। उन्होंने कहा कि इससे अच्छा तरीका और कुछ नहीं है।

## मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने निभाया किसानों से किया वादा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश के किसानों को बड़ी राहत देते हुए आज गत मार्च व अप्रैल में हुई बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि के कारण रबी की फसल के नुकसान के लिए 181 करोड़ रुपये की मुआवजा राशि जारी की है। मनोहर लाल ने एक क्लिक से ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल के माध्यम से सीधे किसानों के खातों में मुआवजा राशि को ट्रांसफर किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल भी मौजूद रहे।




### मुआवजा राशि

= मार्च-अप्रैल में बैमौसम बारिश के कारण हुए फसल के नुकसान के लिए 181 करोड़ रु. की मुआवजा राशि जारी की

जिला उपायुक्त भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

**67,758 किसानों के खातों में भेजी गई मुआवजा राशिः** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने फसल क्षति का विशेष सर्वेक्षण किया था, जिसके अनुसार 18 जिलों में 2.09 लाख एकड़ में फसल की क्षति दर्ज की गई थी। आज गेहूं, सरसों और तोरिया फसलों के लिए 67,758 किसानों को 181 करोड़ रुपये की राशि क्षतिपूर्ति के रूप में जारी की जा रही है।

## नेक्स्ट जेनरेशन ब्रह्मोस मिग-मिराज में फिट किए जा सकेंगे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**नेक्स्ट** जेनरेशन ब्रह्मोस मिग-29, मिराज 2000 और लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट जैसे प्लेटफॉर्म में फिट किए जा सकेंगे। इससे चीन बॉर्डर पर जमीनी हमलों को और प्रभावी बनाया जा सकेगा। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। एयर चीफ मार्शल ने कहा- नेक्स्ट जेनरेशन ब्रह्मोस स्मॉल वर्जन वाले होंगे। जिन्हें छोटे लड़ाकू विमानों से भी छोड़ा जा सकेगा। 3 साल पहले लद्दाख में चीन के साथ हुई झड़प के बाद हमें इसकी जरूरत महसूस हुई। इसके बाद हमने इस पर काम करना शुरू कर दिया। लड़ाकू विमान सुखोई-30 पर ब्रह्मोस को अटैच करने के बाद वायुसेना की क्षमता में इजाफा हुआ है।

**देश का ब्रह्मास्त्र है ब्रह्मोस मिसाइलः** भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने ब्रह्मोस मिसाइल को देश का ब्रह्मास्त्र बताया। उन्होंने कहा, आत्मनिर्भरता का मतलब ये नहीं है कि हम भारत में हर चीज का उत्पादन करें। हमारे जैसे डेवलपिंग देश के लिए ये मुमकिन भी नहीं है। हम जॉइंट वेंचर स्थापित करने जा रहे है। ये अलग-अलग तरह के होंगे और ब्रह्मोस एयरोस्पेस एक ऐसा ही वेंचर है। उन्होंने कहा, देश में आज ढेरों परिवर्तन हो रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय परिवेशों में हमारा कद बढ़ता जा रहा है। विश्व आज उम्मीदों से हमारी ओर देख रहा है।



### ब्रह्मास्त्र है ब्रह्मोस

= इससे चीन बॉर्डर पर जमीनी हमलों को और प्रभावी बनाया जा सकेगाः वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी

## सेमीकंडक्टर स्थापित करने के लिए आवेदन मांगे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**केंद्र** सरकार ने संशोधित सेमीकॉन इंडिया कार्यक्रम के तहत 01 जून, 2023 से भारत में सेमीकंडक्टर फैब्स और डिस्प्ले फैब्स की स्थापना के लिए नए आवेदन आमंत्रित करने का निर्णय लिया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा बुधवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार आवेदन इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) के पोर्टल के माध्यम से लिए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि मिशन भारत में सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले विनिर्माण इको-प्रणाली के विकास के लिए संशोधित सेमीकॉन इंडिया कार्यक्रम को लागू करने की जिम्मेदार नामित एक नोडल एजेंसी है। संशोधित कार्यक्रम के तहत भारत में सेमीकंडक्टर फैब्स की स्थापना के लिए कंपनियों/ संघों/संयुक्त उपक्रमों को परियोजना लागत का 50 प्रतिशत वित्तीय प्रोत्साहन के रूप में उपलब्ध है। यह किसी भी प्रारूप (परिपक्व प्रारूप सहित) के लिए उपलब्ध होगा। इसी प्रकार भारत में विशिष्ट प्रौद्योगिकियों के डिस्प्ले फैब स्थापित करने के लिए परियोजना लागत का 50 प्रतिशत वित्तीय प्रोत्साहन उपलब्ध है। सेमीकंडक्टर एटीपीपी/ओएसएटी सुविधाओं की स्थापना के लिए संशोधित योजना" के लिए आवेदन दिसंबर 2024 तक जमा किए जा सकते हैं।



## एक दशक से भी कम समय में बदल गया है भारतः मॉर्गन स्टेनली



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक दशक से भी कम समय में बदल गया है। साथ ही आज विश्व व्यवस्था में एक स्थान हासिल करने की ओर अग्रसर है। अमेरिकी ब्रोकरेज कंपनी मॉर्गन स्टेनली रिसर्च की जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। मॉर्गन स्टेनली की रिपोर्ट के मुताबिक भारत एशिया और वैश्विक वृद्धि में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने को तैयार है। भारत एक दशक से कम समय में मजबूत हुआ है। यह भारत 2013 से अलग है, जो दस साल के छोटे से समय में दुनिया की व्यवस्था में अपना स्थान बना लिया है। ब्रोकरेज कंपनी ने प्रधानमंत्री मोदी के पद संभालने के बाद 2014 से अबतक हुए 10 बड़े बदलावों का जिक्र किया है।

## पुंछ में एलओसी के पास 3 घुसपैठिए पकड़े

**टीम एक्शन इंडिया/श्रीनगर**

जम्मू कश्मीर के करमारा सेक्टर में एलओसी के पास भारतीय सेना ने तीन आतंकवादियों को पकड़ा। ये तीनों 30 मई की रात खराब मौसम और बारिश का फायदा उठाकर भारतीय सीमा में घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। सेना के जवानों ने फेंसिंग क्रॉस कर रहे तीनों आतंकियों पर फायरिंग की। सेना ने इनके पास 10 किलो आईडी, एक-56 राइफल समेत भारी मात्रा में हथियार और ड्रग्स बरामद किया है। फायरिंग में घायल एक आतंकवादी का पुंछ के हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है।

**मंगलवार रात एलओसी पर हलचल के बाद सेना ने तलाशी शुरू की थीः** पुंछ के गुलपुर इलाके में करमारा गांव में नियंत्रण रेखा पर सेना ने संदिग्ध गतिविधि देखी। इसके बाद रात करीब 4 बजे जवानों ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया। सेना की तरफ से एक्शन देख आतंकियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जवाबी फायरिंग में एक घुसपैठिए को पैर में गोली लगी। फायरिंग में सेना का एक जवान भी घायल हुआ है।



### सफलता...

= सेना ने इनके पास 10 किलो आईडी, एक-56 राइफल समेत भारी मात्रा में हथियार और ड्रग्स बरामद किया

**करमारा के रहने वाले हैं तीनोंः** घुसपैठियों की पहचान मोहम्मद फारूक (26), मोहम्मद रियाज (23) और मोहम्मद जुबैर (22) के रूप में हुई है। सभी करमारा के निवासी हैं। फारूक के पैर में गोली लगी है। सेना के मुताबिक इन तीनों को बॉर्डर पार से हथियार और ड्रग्स की खेप मिली थी। वे इसकी तस्करी करने की कोशिश कर रहे थे।

**जनता को समर्पित**

### सीएम ने फतेहपुर में 40 करोड़ की उठाऊ पेयजल योजना को किया जनता को समर्पित

## पौंग झील को पर्यटन की दृष्टि से किया जाएगा विकसितः सीएम

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहपर/विजय समयाल**

**भारी** बारिश के खलल के बाबजूद सीएम अपने फतेहपुर प्रवास पर बुधवार पहुंचे। सुबह बारिश के कारण कार्यक्रम में थोडा फेरबदल किया गया। सुबह करीब 11 बजे सीएम का फतेहपुर पहुंचने का कार्यक्रम था। किंतु पूरा दिन मूसलाधार बारिश के कारण सीएम करीब तीन बजे फतेहपुर पहुंचे। फतेहपुर पहुंचने पर सीएम का जगह-जगह ढोल नगाड़ों से भव्य स्वागत किया गया। सीएम ने सबसे पहले रैहन के सकरी पुल का उद्घाटन कर जनता को समर्पित किया। इसके पश्चात रैहन से फतेहपुर तक रोड शो से पहुंचकर हाडा चौंक पर स्वर्गीय सुजान सिंह पठानिया की प्रतिमा को पुष्प अर्पित किये। इसके पश्चात फ तेहपुर विधानसभा क्षेत्र में बुधवार को सीएम ने अपने फतेहपुर प्रवास के दौरान करीब 40 करोड की उठाऊ पेयजल योजना को जनता को समर्पित किया। इस पेयजल योजना से हर घर नल से जल का प्रावधान के तहत करीब 37 पंचायतों के 70000 लोगों को पानी मिलेगा।



### उद्घाटन

= सीएम सुखविंद्र सिंह सूक्खु ने सबसे पहले रैहन के सकरी पुल का उद्घाटन कर जनता को समर्पित किया

इस योजना से खोड़, कोहलरी, कुडल, कसियाल, फ तेहपुर, सुनहरा, भाटिया, धमेटा, समकड, बाड़ी, मनोह सिहाल, हाडा, लोहारा, पोलियां, खटियाड, बरोट, हौरी देवी, हटली, समलेट, गोलवां, बतराहण, सकरी,जगनोली की जनता को पानी मिलेगा।वहीं इसके पश्चात सीएम ने फतेहपुर में जनसभा को संबोधित किया।वहीं उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने नशा माफिया, खनन माफिया, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार खात्मे से अपनी लड़ाई शुरू की है तथा लगातार अपनी इस लड़ाई में जीत की तरफ अग्रसर है। यह बात मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सूक्खु ने फतेहपुर के रैहन मे उद्धघाटन के दौरान कही।

# गोहाना पहुंचे आप के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सुशील गुप्ता

**जींद में 8 जून की तिरंगा यात्रा का कार्यकताओं को दिया न्योता, भाजपा और कांग्रेस ने प्रदेश को लूटने का काम किया: डॉ. सुशील गुप्ता, 2024 में हरियाणा में बनेगी आम आदमी पार्टी की सरकार: डॉ. सुशील गुप्ता**



**टीम एक्शन इंडिया/गोहाना**
**आम** आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता बुधवार को गोहाना पहुंचे। उन्होंने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाऊस में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और 8 जून को जींद में होने वाली तिरंगा यात्रा में शामिल होने के लिए न्यौता दिया। उन्होंने कहा कि हरियाणा में अस्पताल और स्कूलों का बुरा हाल हो चुका है, बेरोजगारी और अपराध में हरियाणा नंबर एक पर है। इन व्यवस्थाओं को बदलने की शुरूआत करने के लिए दिल्ली मुख्यमंत्री व पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल, पंजाब मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ अपने गृह राज्य की राजनैतिक धरती जींद में पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री मोदी को अपने अहंकार को छोड़ कर खिलाड़ियों की बात सुननी चाहिए और बृजभूषण शरण सिंह पर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता बीजेपी-जेजेपी सरकार से त्रस्त हो चुकी है। अब प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है। 2024 में प्रदेश में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने जा रही है। डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि 8 जून को जींद में आम आदमी पार्टी की तिरंगा यात्रा में दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब सीएम भगवंत मान शिरकत करेंगे। नए संगठन की घोषणा के बाद आम आदमी पार्टी का प्रदेशस्तरीय कार्यक्रम जींद में होगा। पूरा हरियाणा दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान का स्वागत करने के लिए पूरी तरह तैयार है। इसको लेकर प्रदेश की जनता और कार्यकताओं में पूरा जोश है। इस तिरंगा यात्रा का संदेश पूरे प्रदेश में जाएगा। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा से पहले सभी पदाधिकारी 1 जून को करनाल के आंबेडकर चौक स्थित डॉ. मंगलसेन ऑडिटोरियम में शपथ ग्रहण करेंगे। राष्ट्रीय संगठन महामंत्री डॉ. संदीप पाठक सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाएंगे। इसमें 1100 से ज्यादा पदाधिकारियों की शपथ के साथ प्रदेश में बदलाव की शुरूआत होगी। इस दौरान सोनीपत लोकसभा अध्यक्ष देवेन्द्र गौतम, सोनीपत ग्रामीण जिलाध्यक्ष महेंद्र छिक्कारा, सोनीपत शहरी जिलाध्यक्ष राजेश सरोहा, युवा विंग प्रदेश सचिव मोना सिवाच, सोनीपत शहरी सचिव सुनील दहिया, कानूनी प्रखोष्ठ प्रदेश सह सचिव शिवम्-गोयल, महिला प्रदेश सह सचिव सरोज बाला राठी, बुद्धिजीवी प्रखोष्ठ जिलाध्यक्ष सुनील जाजी, युवा जिलाध्यक्ष अनुराग मलिक, एजुकेशन विंग जिलाध्यक्ष मास्टर सत्यनारायण आंतील, जिला पार्षद स्वीटी प्रतिनिधि राजेश मलिक, जिला उपाध्यक्ष अजमेर पहल, संदीप मलिक, नरसिंह गोहाना, युवा जिला सह-सचिव रवि भैंसवाल, जिला सह-सचिव बिजेन्दर खेड़ी, प्रदेश सह-सचिव डइउ विंग वेदपाल वैरागी, ट्रांसपोर्ट जिला सह-सचिव सतीश दौदवा, सज्जन कुमार, मंजीत आर्य आदि सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कन्या महाविद्यालय पलवल में तंबाकू मुक्त समाज की शपथ दिलाई गई

**▸▸ तंबाकू धीमा जहर है। तंबाकू की वजह से हमारे देश मे हर साल लगभग चौदह लाख लोगों की मौत हो जाती है**



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
31 मई विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर राजकीय कन्या महाविद्यालय पलवल में तंबाकू मुक्त समाज की शपथ दिलाई गई । जिसमें महाविद्यालय के सभी शिक्षक ,गैर शिक्षक कर्मचारियों व विद्यार्थियों ने शिरकत की। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ गगनदीप कौ ने सभी को तंबाकू से मुक्ति की शपथ दिलाते हुए कहा कि तंबाकू मनुष्य के लिए धीमा जहर है । तंबाकू की वजह से हमारे देश मे हर साल लगभग चौदह लाख लोगों की मौत हो जाती है। इसलिए हमें तंबाकू के प्रयोग को हटाना है।इस कार्यक्रम का आयोजन एन्टी टोबैको सेल के नॉडल ऑफिसर डॉ सुनील थुआ के नेतृत्व में किया गया । उन्होंने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दुनियाभर में तंबाकू कैंसर का मुख्य कारण है। आज तंबाकू के नियमित प्रयोग की वजह से हर सातवां आदमी दिल की बीमारी का शिकार हैं। तंबाकू उत्पादन से पर्यावरण से जुड़े अध्ययन से पता चला है कि हर साल लगभग छह करोड़ पेड़ काट दिए जाते हैं व इसमें आठ करोड़ टन कार्बन उत्सर्जन होता है। इसी प्रकार से बाईस अरब लीटर पानी बर्बाद हो जाता है। पर्यावरण को प्रदूषित करना मानवता के लिए गम्भीर संकट बन चुका है।इस अवसर पर सभी ने अपने परिवेश व सार्वजनिक स्थानों को तंबाकू मुक्त करने का संकल्प लिया। इस आयोजन में मुख्य रूप से चीफ प्रॉक्टर डॉ मीनाक्षी, चीफ मेंटर बीर इंद्र कौर,डॉ कृष्ण डॉ राजबीर प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# पुलिस कल्याण संगोष्ठी में लिए गए कई कल्याणकारी फैसले



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**उच्च** अधिकारियों के निदेर्शानुसार पुलिस लाईन कुरुक्षेत्र में कल्याण गोष्टी में का आयोजन किया गया। कल्याण गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र श्री सुरेन्द्र सिंह भोरिया ने पुलिस कर्मचारियों के कल्याण हेतू किये जाने वाले नये कार्यो के बारे विस्तार से चर्चा की। पुलिस लाईन में साफ सफाई को दुरुस्त करने बारे भी आदेश दिये गये। पुलिस लाईन के मैस में नया फ्रिज देने के आदेश दिए, पुलिस लाईन तथा पुलिस विश्राम गृह (जीओ मैस) का नया गेट लगवाया जायेगा। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाईन की सभी सडको की मरम्मत करने तथा सडको को चौड़ा करने के आदेश दिए गये । कम्यूनिटी सैंटर का सौंदर्यकरण करने के लिए ज्यादा से ज्यादा कार्य करवाने बारे कहा गया ताकि पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों को अपने बच्चों के विवाह आदि करने के लिए कहीं बाहर न जाना पडे। पुलिस कम्यूनिटी सैंटर के आमजन के लिए किफायती दर पर उपलब्ध करवाया जा रहा है। कम्युनिटी सैंटर में पीने के साफ पानी की व्यवस्था करने के लिए आरो व कम्युनिटी सैंटर में लाईटिंग का काम भी करवाया जाएगा।
इसके अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय में रिपेयर का काम किया जा रहा है। उन्होंने सभी प्रबन्धक थाना व चौंकी ईन्चार्ज को आदेश दिये कि सभी अपने-अपने थाना/चौंकी में मरम्मत व पेन्ट सम्बन्धी समस्या के बारे में लिखित में भेजे, मरम्मत व पेन्ट आदि के कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। पुलिस लाईन में पुलिसकर्मियों के वाहन खडा करने के लिए शैड का निर्माण किया जाएगा। पुलिस लाईन स्थित प्रशासनिक भवन में बाथरूम की व्यवस्था की जाएगी तथा पानी की समस्या को दूर किया जाएगा।
इस मौका पर एएसपी शुभम आईपीएस, डीएसपी यातायात प्रदीप कुमार, सभी थाना प्रभारी, चौंकी इंचार्ज, प्रवाचक पुलिस अधीक्षक उप निरीक्षक सुनील दत्त, सुरक्षा शाखा प्रभारी उप निरीक्षक राजपाल, शिकायत शाखा प्रभारी उप निरीक्षक प्रवीन कौर, एमटीओ राजकुमार, उप निरीक्षक प्रवीन कुमार, टीएसआई महाबीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# किसानों ने सीएम के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** किसान मजदूर संगठन की एक बैठक प्रदेश अध्यक्ष नरपत राणा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें किसानों की मांगों को लेकर विचार विमर्श किया गया तथा विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन एस डी एम नारायणगढ़ को सौंपा गया। किसानों की मुख्य मांग यह है कि गन्ने की बकाया पेमेंट जल्द से जल्द कराई जाए। किसानों का कहना है कि अब तक 9 फरवरी तक की पेमेंट हुई है, जबकि पिछले साल 8 फरवरी तक की पेमेंट हुई थी, जबकि इस बार 28 फरवरी तक की पेमेंट होनी चाहिए थी । उन्होंने कहा कि सूरजमुखी की सरकारी खरीद जल्दी से जल्दी कराई जाए।

# लोगों की सेवा के लिए रसोई निरतंर चलती रहेगी: संदीप

**▸▸ खेतों में खड़े बिजली के खंभे व ट्रासंफार्मर गिरने के कारण खेतों व गांव की बिजली प्रभावित हुई है**



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/बाबैन(दलबीर मलिक)**
बाबैन क्षेत्र में आए तेज तुफान के कारण सड़कों पर पेड़ गिरने के कारण यातायात प्रभावित हुआ है। वहीं खेतों में खड़े बिजली के खंभे व ट्रासंफार्मर गिरने के कारण खेतों व गांव की बिजली प्रभावित हुई है। वहीं स्टालवार्ट फांउडेशन के चेयरमैन एवं प्रसिद्व समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा गांव यारी में चलाई गई सबकी रसोई का भी आए तुफान से शैड का उखाड़ने का काम किया। समाजसेवी संदीप गर्ग ने बताया कि आए तुफान में यारी में स्थित रसोई का शैड उखाड़ दिया है, काफी नुक्सान हुआ है। लेकिन रसोई उखडने के बावजूद भी लाडवा रसोई, बाबैन रसोई व मथाना रसोई में हर दिन तरह समय पर खाना पहुंचा है। उन्होंने बताया कि यह एक मात्र रसोई है जो पूरे साल 365 दिन खुली रहती है। उन्होंने बताया कि देर रात आंधी आने के कारण गांव यारी में रसोई को पूरी तरफ बिखेर दिया था। लेकिन उसके बावजूद भी चारों रसोई में समय पर खाना पहुंचाया गया। उन्होंने कहा कि यह रसोई ऐसे ही निरतंर चलती रहेगी यह रसोई कभी भी बंद नही होगी।

# अनाया ने कैंसर पीड़ितों के लिए दान किए अपने बाल

**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत**



**सोनीपत** शहर की सात वर्षीय छात्रा अनाया ने बेहद कम उम्र में एक चौंकाने वाला फैसला लिया। जिसे सुनकर उनके माता पिता भी हैरान रह गए। अनाया के पिता अमित कुमार ने बताया कि वो सोनीपत शहर के मूल निवासी है और ओमेक्स सिटी में रहते हैं। फिलहाल वह परिवार सहित पंचकूला में रह रहे हैं जहां उनकी सात वर्षीय बेटी पंचकुला के ब्रिटिश स्कूल में दूसरी कक्षा की छात्रा है। अमित कुमार ने बताया कि उनकी बेटी टीवी पर अक्सर डिस्कवरी चैनल देखती है। एक दिन बेटी ने कैंसर पीड़ितों के ऊपर बनी एक डॉक्यूमेंट्री देखी जिसमे कैंसर पीड़ितों का संघर्ष और दुःख तकलीफ देखकर अनाया का दिल पसीज गया,उनकी बेटी ने उसी दिन फैसला लिया कि वो कैंसर पीड़ित मरीजों के लिए अपने केश दान कर देगी। बेटी की यह बात सुनकर वो सकते में आ गए और बेटी को समझाने की कोशिश की लेकिन बेटी नहीं मानी और कोप विद कैंसर संस्था ) मुंबई को अपने केश सौंप दिए। इस अवसर पर मेयर निखिल मदान ने अनाया का कृष्णा चेरिटेबल कार्यालय पहुंचने पर उत्साह बढ़ाया।

# 9वीं जिला अंबाला तैराकी प्रतियोगिता 10 जून को

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** जिला तैराकी संघ, अंबाला के पदाधिकारियों की एक एक्जीक्यूटिव मीटिंग, अंबाला छावनी के वॉर हीरोज मेमोरियल स्टेडियम में प्रधान राजिंदर विज की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें 10 जून 2023 को 19 वी जिला अंबाला तैराकी प्रतियोगिता कराने का निर्णय लिया गया।
प्रतियोगिता के बारे में ज्यादा जानकारी देते हुए डिस्ट्रिक्ट स्विमिंग एसोसिएशन के प्रधान राजिंदर विज ने बताया कि 10 जून 2023 को 19 वी डिस्ट्रिक्ट स्विमिंग प्रतियोगिता का आयोजन अंतरराष्ट्रीय स्तर ऑल वेदर तरणताल में करवाया जाएगा जिसमें अंबाला जिला के सब सरकारी व प्राइवेट स्कूलों तथा कॉलेज के सभी खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सभी खिलाड़ियों से 500/– प्रति खिलाड़ी का शुल्क लिया जाएगा और उन खिलाड़ियों को पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट वह रिफ्रेशमेंट अंबाला जिला तैराकी संघ द्वारा प्रदान की जाएगी इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन फॉर्म जमा कराने की अंतिम तिथि 9 जून 2023 को शाम 4:00 बजे तक होगी।

# निर्जला एकादशी पर लगाई गई मीठे पानी की छबील

**निर्जला एकादशी का बड़ा महत्व है, भगवान हरि विष्णु जी की उपासना के प्रतीक निर्जला एकादशी पर लोगों को मीठा जल पिलाना पुण्य का काम माना जाता है**



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**बुधवार को** कृष्णा चेरिटेबल कार्यालय के सामने मेयर निखिल मदान एवं सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों ने छबील लगाकर मीठा पानी एवं आईस क्रीम का प्रसाद वितरित किया। मेयर निखिल मदान ने कहा कि भारतीय सनातन संस्कृति में निर्जला एकादशी का बड़ा महत्व है, भगवान हरि विष्णु जी की उपासना के प्रतीक निर्जला एकादशी पर लोगों को मीठा जल पिलाना पुण्य का काम माना जाता है। इसलिए आज सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन के साथ मिलकर कृष्णा चैरिटेबल सोसायटी द्वारा लोगों को मीठा जल एवं आइसक्रीम प्रसाद के रूप में वितरित की जा रही है। मेयर निखिल मदान ने कहा कि वह भगवान विष्णु जी से कामना करते हैं कि सभी लोगों की मनोकामनाएं पूर्ण हो और उनके जीवन में सुख, समृद्धि और शांति का वास हो।
इस अवसर पर पूर्व विधायक अनिल ठक्कर, मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन, भाजपा नेता तरुण देवीदास भी मौजूद रहे और उन्होंने भी लोगों को मीठा जल वितरित किया। कार्यक्रम में प्रधान लाजपत डूडेजा, पवन शर्मा, के सी बत्रा, मदन अरोड़ा, बी आर आहूजा,प्रेम रेलन, राजकुमार मदान, रोहित आहूजा, कृष्ण चांदना, सौरभ सचदेवा, पंकज चावला, सुरेश खुराना, किशन चंद्र डूडेजा, सतीश विरमानी,जय दयाल,जितेंद्र,संजीव, विशाल रमेश कपूर, हंसराज, प्रेम प्रकाश, अमित, जुगल ज्योति आदि लोग मौजूद रहे।

# सिविल अस्पताल में एक्स-रे मशीन खराब होने से मरीज परेशान

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
अम्बाला शहर नागरिक अस्पताल में कई दिनों बाद एक्सरे मशीन शुरू हुई । जिसके चलते मरीजों की भीड़ लग गई । लेकिन 8 से 10 मरीजों के एक्सरे करने के बाद मशीन फिर से ठप पड़ गई। जिसके चलते दो घंटो तक मरीजों ने मशीन के ठीक होने का इंतजार किया लेकिन मशीन ठीक नहीं हुई। नदी मोहल्ले के रहने वाले गौतम ने बताया कि उसे अपने पैर का एक्सरे करवाने के लिए अस्पताल में आया था। लेकिन 2 घटें तक इंतजार करने के बाद जब उसका नबंर आया तो पता चला कि मशीन ही खराब हो गई है। गौतम ने बताया कि वह कल भी एक्सरा करवाने के लिए आया था लेकिन कल भी मशीन खराब थी। लेकिन आज भी उसे निराश होकर वापिस लौटना पड़ा।
गांव हंडेसरा निवासी रूपा ने बताया कि उसकी टांग में फ्रैक्चर जिसके चलते उसे एक्सरे करवाना था। रसीद कटवाने के बाद जब उसका नंबर आया तो पता चला कि मशीन खराब है। रूपा ने कहा कि मशीन अगर ठीक ही नहीं थी तो उसकी रसीद क्यों काटी गई। डडियाना निवासी संतोष ने बताया कि उसे अपनी बाजू का एक्सरा करवाना था।

# यूथ ब्लड डोनेशन सोसायटी ने अहिल्याबाई होलकर की जयंती पर लगाया रक्तदान शिविर



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
यूथ ब्लड डोनेशन सोसायटी द्वारा 2013 से लगातार देवी अहिल्या बाई होलकर की जयंती के उपलक्ष पर 31 मई को हर साल पूरे भारतवर्ष में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है जिसमें देवी अहिल्या बाई होलकर जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर देवी अहिल्याबाई होलकर की जीवनी के बुकलेट, कैलेंडर बांटे जाते हैं ।सोसायटी के अध्यक्ष विनोद पाल होलकर ने बताया कि पूरे भारतवर्ष में देवी जी का जन्म उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। इस पर हमारी सोसाइटी पिछले 2013से हर वर्ष लगातार रक्तदान शिविर का आयोजन कर रही है। रक्तदान शिविर में युवाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। रक्तदान एक पुण्यात्मक कार्य है। रक्तदान करने से जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है इसलिए रक्तदान करने के लिए सभी को आगे आना चाहिए। इस मौके पर गुरमेल सिंह मनीष पाल राजेंद्र ग्रोवर सचिन पाल मनीष राणा अक्षत शर्मा ने आए हुए सभी रक्तवीर को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# शहर विधायक ने अपने निवास पर सुनी लोगों की समस्याएं



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
अम्बाला के स्थानीय विधायक असीम गोयल नन्यौला ने अपने प्रेमनगर स्थित निवास स्थान पर जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत अम्बाला शहर विधानसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को विस्तारपूर्वक सुनने के उपरांत सम्बन्धित अधिकारियों को समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निपटान करने के निर्देश दिए। इस मौके पर उन्होने अधिकारियों को यह भी कहा कि गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए पेयजल व बिजली से सम्बन्धित जो भी समस्या उनके संज्ञान में आती है उनका वे प्राथमिकता के आधार पर समाधान करना सुनिश्चित करें। जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान गांव चौड़मस्तपुर से सरपंच राम सिंह, मनप्रीत सिंह, हरजिन्द्र सिंह, गुरताज सिंह, प्रदीप कुमार, राम कुमार, बिन्द्र सिंह व सुखविन्द्र सिंह तथा गांव सौंडा से दर्शन सौंडा, सुखविन्द्र सिंह, विधि चंद, बॉबी, बलकार, प्रभु दयाल, कृपाल, सुरेश व करनैल के साथ-साथ अन्य ने उनके गांव के राजकीय उच्च विद्यालय 10वीं के स्कूल को 12वीं कक्षा तक अपग्रेड करने के लिए उनका धन्यवाद किया। उन्होने बताया कि पिछले दिनों वे अपने गांव के स्कूल को अपग्रेड करने के लिए विधायक से मिले थे। विधायक ने ग्रामीणों की इस मांग को देखते हुए शिक्षा मंत्री व प्रदेश सरकार से इन स्कूलों को अपग्रेड करने बारे आग्रह किया था। विधायक ने इस मांग को पूरा करने के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल व शिक्षा मंत्री चौधरी कंवर पाल का धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि इन स्कूलों के अपग्रेड होने से आस पास के स्कूल के विद्यार्थियों को भी लाभ मिलेगा। इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने भी अपनी-अपनी शिकायतों के समाधान के लिए विधायक को लिखित प्रार्थना पत्र देकर उनका समाधान करने बारे गुहार लगाई। विधायक ने सभी लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी जो भी समस्याएं है उनका प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जायेगा। साथ ही विकास कार्यों से सम्बन्धित जो कार्य हैं उन्हें भी चरणबद्ध तरीके से करवाने का काम किया जायेगा।

# लव जिहाद एंगल से भी जांच कर रही पुलिस

## दबंग लड़के ने साहिल को साक्षी से दूर रहने की धमकी दी थी, शातिर अपराधी होने का अंदाजा लग रहा





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**दिल्ली में** 16 साल की नाबालिग लड़की की हत्या केस में साहिल के साथ दो और लड़कों के नाम सामने आए हैं। पुलिस इस केस में लव जिहाद एंगल से भी जांच कर रही है। वहीं साहिल को 2 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस पूछताछ में उसने हत्या की बात कबूल ली है। हालांकि उसने पुलिस से यह भी कहा कि, उसने जो किया उस पर पछतावा नहीं है।

**केस में दो और किरदार सामने आएः** पुलिस ने साहिल को सोमवार की दोपहर बुलंदशहर से अरेस्ट किया था और रात तक पूछताछ की थी। इस केस में दो और किरदार सामने आए हैं, जिसमें एक का नाम प्रवीण है और दूसरे का झबरू। साहिल का दावा है कि झबरू इलाके का दबंग युवक है और उसने उसे लड़की से दूर रहने को कहा था। ऐसा नहीं करने पर जान से मारने की धमकी भी दी थी। पुलिस केस में लव जिहाद एंगल भी तलाश रही है।

### साहिल को लेकर पुलिस ने किया सीन रीक्रिएट

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बाहरी** उत्तरी जिले के शाहबाद डेयरी इलाके में दो दिन पूर्व हुई नाबालिग लड़की की हत्या के मामले में पुलिस ने बुधवार को सीन रीक्रिएट किया। उस इलाके में जहां 16 साल की लड़की का बेरहमी से कत्ल हुआ था, आरोपित साहिल खान को लेकर बुधवार की सुबह 4:00 बजे पुलिस टीम पहुंची और उससे वारदात वाली रात की एक-एक बात पूछी गई। साथ ही उसकी तस्दीक कराई गई। पुलिस ने साहिल से उस जगह के बारे में भी पूछा, जहां वह हत्या से पहले अपने दोस्त आकाश के साथ खड़ा था। दिल्ली पुलिस महासंघ के अध्यक्ष व पूर्व एसीपी वेद भूषण ने बताया कि सीन रीक्रिएट करना बड़ी आपराधिक



वारदात की जांच का एक अहम हिस्सा होता है, जिसमें पुलिस को उससे संबंधित सभी पहलुओं के बारे में बारीकी से समझने का मौका मिलता है। ट्रायल के दौरान सुनवाई में भी इसे अहम साक्ष्य माना जाता है।पुलिस सूत्रों के अनुसार नाबालिग लड़की की हत्या के मामले में पुलिस की जांच तेजी से आगे बढ़ रही है। हालांकि, पुलिस को अभी हत्या में इस्तेमाल किया गया चाकू नहीं मिला है, जिसके बारे में साहिल बार-बार बयान बदल रहा है। कभी वह कहता है कि उसने रिठाला के पार्क में चाकू को फेंका तो कभी कहता है कि शाहबाद डेयरी इलाके के जंगल में। अभी तक पुलिस उसकी बताई गई तीन जगहों पर उसे ले जा चुकी है लेकिन कहीं से भी चाकू बरामद नहीं हो पाया। पुलिस को इस बात से भी उसके शातिर अपराधी होने का अंदाजा लग रहा है, क्योंकि हथियार की बरामदगी सजा दिलाने में अहम भूमिका निभाती है। आरोपित ने पुलिस को अभी तक यह भी ठीक ठीक नहीं बताया कि उसने चाकू कहां से खरीदा। एक बार उसने कहा था कि स्थानीय मार्केट से खरीदा था लेकिन अगले दिन बताया कि उसने हरिद्वार से चाकू खरीदा था।

इस बीच, सीएम अरविंद केजरीवाल ने मृत लड़की के परिजनों को 10 लाख रुपए मुआवजा देने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा, ये दर्दनाक घटना है। जितनी निंदा करें, काम है। साहिल को कठोर सजा मिले, इसके लिए बड़े से बड़े वकील करेंगे। साहिल ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर खुद को शराब प्रेमी बताया है। डार्क लाइफ लव यू जैसी लाइन लिखी है। हुक्का पीने के वीडियोज पोस्ट किए हैं। एक पोस्ट में साहिल बोल रहा है- दुनिया चैन से नहीं जीने देती। आतंक फैलाना जरूरी है। वह हिंदू दिखने की कोशिश कर रहा था। ऐसे में लव जिहाद एंगल से भी जांच हो रही है। हाथ पर कलावा बांधा था और इंस्टा पर रुद्राक्ष पहने हुए वीडियो मिली है।

### झबरू ने दी थी साक्षी से दूर रहने की धमकी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के शाहबाद डेयरी में बीते रविवार साहिल नाम के एक शख्स ने बर्बरता की सारी हदें पार करते हुए 16 साल की साक्षी का बीच रास्ते में कत्ल कर दिया। इस पूरे हत्याकांड में अब एक नए शख्स की एंट्री हुई है जिसका खुलासा पुलिस पूछताछ में साहिल ने किया है। साहिल ने एक झबरू नाम के शख्स के बारे में कई खुलासे किए हैं और ये भी बताया है कि वही है जिसकी वजह से उसने साक्षी की हत्या की।

**झबरू है साक्षी का दोस्तः** झबरू साक्षी का दोस्त और इलाके का दबंग है। वह शाहबाद डेयरी के जेजे कॉलोनी का रहने वाला है। पुलिस सूत्रों की मानें तो साक्षी की इन दिनों झबरू से दोस्ती थी। झबरू से उसका अफेयर चल रहा था। वह दबंग किस्म का है। उस ने साहिल को साक्षी से दूर होने को कहा था। साहिल को लग रहा था कि झबरू उसे मार देगा। वह सोचने लगा था कि झबरू के कारण साक्षी उससे दूर चली गई।

**इसलिए ठान लिया था करके रहेगा साक्षी की हत्याः** तभी उसने साक्षी की हत्या कर देने की ठान ली थी। साहिल ने पूछताछ में बताया कि झबरू ने उसे कुछ समय पहले धमकी दी थी कि अगर उसने साक्षी का पीछा नहीं छोड़ा तो वह उसे मार डालेगा। साहिल का कहना है कि झबरू, साक्षी की वजह से उसे मारता इससे पहले उसी ने साक्षी को मार दिया। पुलिस साहिल के इन बयानों की तस्दीक के लिए झबरू से भी पूछताछ कर रही है।

# सिसोदिया पर हाईकोर्ट की टिप्पणी के बाद चुप क्यों है आपः भाजपा

**इस्तीफा मांगा**

**● मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इन्हें ईमानदारी का प्रमाण पत्र देते रहे हैं। हाई कोर्ट की टिप्पणी के बाद से वह चुप हैं**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भाजपा** के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि आबकारी घोटाले के आरोपित मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज करते हुए हाई कोर्ट की टिप्पणी गंभीर है कि वह गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इन्हें ईमानदारी का प्रमाण पत्र देते रहे हैं। हाई कोर्ट की टिप्पणी के बाद से वह चुप हैं। इस घोटाले की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए उन्हें अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि केजरीवाल व आम आदमी पार्टी के अन्य नेता आबकारी घोटाला को लेकर झूठ बोलते रहे हैं। आबकारी नीति में कोई घोटाला नहीं होने का दावा करने वालों को बताना चाहिए कि यह नीति वापस क्यों ली गई और अबतक सिसोदिया जेल में क्यों हैं?

**"सीबीआई की चार्जशीट में हवाला से पैसे भेजने का साक्ष्य":** सीबीआइ की चार्जशीट में हवाला से पैसे भेजने का साक्ष्य भी बताया गया है। भेजे गए नोट की भी जानकारी दी गई है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार से जनता व मीडिया का ध्यान हटाने के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री राजनीतिक भ्रमण कर रहे हैं। उन लोगों का दरवाजे खटखटा रहे हैं जिसे वह भ्रष्टाचारी कहते थे। उनके संरक्षण में यह घोटाला हुआ है इसलिए उन्हें पद पर रहने का नैतिक अधिकार नहीं है।

### केजरीवाल एक जून को स्टालिन व दो जून को हेमंत से करेंगे भेंट

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल केंद्र सरकार के अध्यादेश के खिलाफ समर्थन प्राप्त करने के लिए एक जून को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और दो जून को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात करेंगे। अरविंद केजरीवाल ने इस बाबत दो ट्वीट किया। उन्होंने पहले ट्वीट में कहा है कि चेन्नई में कल तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन से मुलाकात करूंगा।

### 'रेप के मामले में फरार वीरेंद्र को करें गिरफ्तार'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** हाई कोर्ट ने सीबीआई को निर्देश दिया है कि वो रेप के मामले में फरार चल रहे रोहिणी स्थित आध्यात्मिक विश्वविद्यालय के संस्थापक बाबा वीरेंद्र देव दीक्षित को गिरफ्तार करने की हरसंभव कोशिश करे। चीफ जस्टिस सतीश चंद्र मिश्रा की अध्यक्षता वाली बेंच ने सीबीआई को छह हफ्तों के अंदर ताजा स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान कोर्ट को ये बताया गया कि वीरेंद्र देव दीक्षित या उसके शिष्य यू-ट्यूब चैनल पर काफी सारे वीडियो अपलोड कर रहे हैं। वे मार्च 2018 से लेकर अब तक काफी वीडियो अपलोड कर चुके हैं। कोर्ट ने कहा कि सीबीआई के प्रयासों के बावजूद वीरेंद्र देव दीक्षित को गिरफ्तार नहीं किया जा सका है। सीबीआई अपराध प्रक्रिया संहिता की धारा 166ए के तहत ब्रिटेन, नेपाल समेत दूसरे देशों को आग्रह भेजे, जहां से ये वीडियो अपलोड किए जा रहे हैं। कोर्ट ने कहा कि वीरेंद्र देव दीक्षित के देश भर में कई आश्रम हैं। सीबीआई इन आश्रमों के मालिकों का पता लगाए। इन आश्रमों की फंडिंग कहां से हो रही है और उनका किराया कहां से जा रहा है। गौरतलब है कि 26 अप्रैल, 2022 को हाई कोर्ट ने रोहिणी के आश्रम में महिलाओं की स्थिति पर नजर रखने के लिए संबंधित इलाके के डिस्ट्रिक्ट जज की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन



**आदेश**

**● जस्टिस मिश्रा की अध्यक्षता वाली बेंच ने सीबीआई को छह हफ्तों के अंदर ताजा स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया**

किया था। हाई कोर्ट ने इस कमेटी के क्रियाकलाप के निरीक्षण के लिए पुद्दुचेरी की पूर्व उप-राज्यपाल किरण बेदी को नियुक्त किया था। कोर्ट ने कहा था कि आश्रम अपनी धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए स्वतंत्र होगा। इसके पहले कोर्ट ने दिल्ली सरकार से पूछा था कि क्या वो इस आश्रम को टेकओवर कर सकती है। आज कोर्ट को ये सूचित किया गया कि चूंकि ये निजी संस्था है, इसलिए सरकार को इसमें दखल देना ठीक नहीं है। दिल्ली सरकार के वकील ने कहा कि कोर्ट चाहे तो एक कमेटी का गठन कर सकती है, जिसमें डॉक्टरों की भी एक टीम हो। अगर किसी कानून का उल्लंघन होता है तब सरकार दखल दे सकती है। उसके बाद कोर्ट ने कहा कि कमेटी समय-समय पर आश्रम का निरीक्षण करेगी।

### नाबालिग की पहचान उजागर मामले में पुलिस को समन जारी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने नाबालिग पीड़िता की पहचान उजागर करने के मामले में डीसीपी नई दिल्ली को समन जारी कर कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है। डीसीडब्ल्यू ने डीसीपी नई दिल्ली को मामले में की गई कार्रवाई रिपोर्ट के साथ 2 जून को आयोग के समक्ष उपस्थित होने के लिए कहा है। डीसीडब्ल्यू के अनुसार एक नाबालिग लड़की सहित कुछ महिला पहलवानों ने आरोप लगाया है कि भारतीय कुश्ती महासंघ के तत्कालीन अध्यक्ष बृजभूषण सिंह ने उनका यौन उत्पीड़न किया है। इस संबंध में पुलिस थाना कनॉट प्लेस में पॉक्सो एक्ट के तहत एक एफआईआर समेत दो अलग-अलग

**नोटिस**

**● डीसीडब्ल्यू ने डीसीपी को मामले में की गई कार्रवाई रिपोर्ट के साथ 2 जून को आयोग के समक्ष उपस्थित होने के लिए कहा**

एफआईआर दर्ज की गई हैं। हालांकि इस मामले में अभी तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो प्रसारित हो रहा है जिसमें नाबालिग पीड़िता के चाचा होने का दावा करने वाले एक व्यक्ति ने पीड़िता की पहचान उजागर की है जो पोस्को अधिनियम के तहत एक आपराधिक कृत्य है। डीसीडब्ल्यू की अध्यक्ष ने यह चिह्नित किया है कि इस मामले में आरोपित बृज भूषण सिंह अत्यधिक प्रभावशाली है।

# गैंगस्टर लॉरेंस को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** पटियाला हाउस कोर्ट ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। बिश्नोई की लॉरेंस बिश्नोई-काला जठेड़ी गिरोह को हथियार सप्लाई के मामले में दिल्ली पुलिस की हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद बुधवार को उसे कोर्ट में पेश किया गया। चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट स्निग्धा सरवरिया ने बिश्नोई को 14 जून तक की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया। इससे पहले भी कोर्ट ने बिश्नोई को आज तक की दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की हिरासत में भेजा था। दिल्ली पुलिस ने कहा था कि लॉरेंस बिश्नोई-काला जठेड़ी गिरोह को एक हथियार सप्लायर मुकुंद सिंह ने 25 पिस्तौल दी थी। इस संबंध में मुकुंद सिंह के आमने-सामने बैठाकर लॉरेंस बिश्नोई से पूछताछ करनी है। मुकुंद



सिंह फिलहाल हिरासत में है। पूछताछ कर ये पता लगाना है कि हथियार इस गिरोह के किस-किस सदस्य के पास पहुंचे। दिल्ली पुलिस ने बताया कि स्पेशल सेल को ये सूचना मिली थी कि 24 मई को एक हथियार तस्कर सराय काले खां बस टर्मिनल पर आएगा और वो लॉरेंस बिश्नोई-काला जठेड़ी गिरोह को हथियार सौंपेगा। इस सूचना के आधार पर मुकुंद सिंह को एक पिस्तौल और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया था। बाकी 24 पिस्तौल मुकुंद सिंह की कार से बरामद हुई थीं। पूछताछ में मुकुंद ने स्वीकार किया कि वो बिश्नोई-जठेड़ी गैंग को पिछले छह महीने से हथियार सप्लाई कर रहा था। मुकुंद ये हथियार अमेरिका में रह रहे दिलप्रीत सिंह के कहने पर सप्लाई करता था। मुकुंद सिंह के इस खुलासे के बाद दिल्ली पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई से 26 मई

**शिकंजा**

**● बिश्नोई की लॉरेंस बिश्नोई-काला जठेड़ी गिरोह को हथियार सप्लाई के मामले में दिल्ली पुलिस की हिरासत खत्म हो रही थी**

को मंडोली जेल में पूछताछ की थी। उसके बाद दिल्ली पुलिस ने इस मामले में बिश्नोई को 26 मई को गिरफ्तार कर लिया। पटियाला हाउस कोर्ट ने हाल ही में गुजरात के ड्रग्स तस्करी के मामले में पूछताछ के लिए गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को गुजरात एटीएस की ट्रांजिट हिरासत में भेजने का आदेश दिया था। गुजरात एटीएस ने बिश्नोई की हिरासत की मांग की थी। गुजरात एटीएस ने 2022 में बड़ी मात्रा में हेरोइन की खेप बरामद की थी। गुजरात एटीएस ने छह लोगों को ड्रग्स तस्करी के मामले में गिरफ्तार भी किया था।

# सीलिंग पर बनी मॉनिटरिंग कमेटी भंग होनी चाहिएः कैट

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सुप्रीम** कोर्ट द्वारा गठित मॉनिटरिंग कमैटी द्वारा अपनी दी गई रिपोर्ट में दिल्ली में एक बार फिर निरीक्षण करने की अनुमति का दिल्ली के व्यापारियों ने कड़ा विरोध किया है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ( कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल एवं प्रदेश अध्यक्ष विपिन आहूजा सहित दिल्ली के 15 बड़े व्यापारी नेताओं ने एक बयान जारी कर कहा की ऐसे समय में जब दिल्ली का नया मास्टर प्लान आने वाला है जिसमें विगत 15 वर्षों में

**विरोध दर्ज कराया**

**● व्यापारी नेताओं का कहना है की इस मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री तथा नगर निगम की महापौर को संज्ञान लेना चाहिए**

दिल्ली में बदली हुई परिस्थिति के कारण हुए बदलावों को शामिल किया गया है, ऐसे में मॉनिटरिंग कमेटी का यह कदम बेहद अन्यायपूर्ण होगा जो दिल्ली के व्यापारियों के हितों को बुरी तरह प्रभावित करेगा। कैट इस मुद्दे पर शीघ्र ही दिल्ली के व्यापारियों की एक बड़ी मीटिंग आयोजित करेगा। बयान जारी करने वाले वरिष्ठ नेताओं में सुशील गोयल, सुरेश बिन्दल, विजय पाल, नरेंद्र मदान, देवराज बवेजा, आशीष ग्रोवर, सुमित अग्रवाल,सतेंद्र वधवा, रणजीत खारी, राजीव बत्रा, मुकेश तुली, सतेंद्र जैन, राज कुमार बिन्दल तथा अंकुश वोहरा शामिल हैं। व्यापारी नेताओं का कहना है की इस मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री तथा नगर निगम की महापौर को तुरंत संज्ञान लेकर आवश्यक कदम उठाने चाहिए । व्यापारी नेताओं ने आश्चर्य व्यक्त

# अपराध की शिकार लड़कियों को दिलाएं न्यायः मनोज तिवारी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सांसद** व दिल्ली प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष मनोज तिवारी ने उपराज्यपाल से लड़कियों के साथ दुष्कर्म व हत्या के मामलों में न्याय दिलाने के वकीलों की विशेष टीम बनाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अपनी धार्मिक पहचान बदलकर हिंदू लड़कियों के साथ मित्रता कर बाद में उसकी हत्या करने की घटनाएं एक साजिश का हिस्सा है जिसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

**साक्षी की हत्या दुखद व गंभीर हैः** प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि शाहबाद डेरी में नाबालिग लड़की की हत्या दुखद व गंभीर है। कम से कम समय में इस मामले की सुनवाई कर हत्या करने वालों को फांसी दी जानी चाहिए। यह वारदात एक षड्यंत्र की ओर इशारा कर रही है। अपनी पहचान छिपाकर इस तरह की वारदात करने वालों के पीछे कोई संस्था या सरकार तो नहीं है, इसकी जांच जरूरी है। इस तरह के अपराध करने वालों बचाने की कोशिश होती है। पहले भी इस तरह की घटना हो चुकी है। पूर्वी दिल्ली में वर्ष 2018 में 11 वर्ष की बच्ची के साथ दो दिनों तक सामूहिक दुष्कर्म किया जाता है, लेकिन आरोपितों को सजा नहीं मिली। एक आरोपित को नाबालिग बता दिया गया और दूसरे को जमानत मिल गई। इस तरह के जघन्य अपराध करने वालों को जमानत मिलना गंभीर मामला है।

# मजेंटा लाइन पर तकनीकी खराबी के कारण यात्री पौने दो घंटे तक रहे परेशान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राष्ट्रीय** राजधानी में दिल्ली मेट्रो की मजेंटा लाइन पर आज सुबह कुछ तकनीकी कारणों से करीब पौने दो घंटे तक सेवा बाधित रही। इससे कामकाजी दैनिक यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़े। मजेंटा लाइन दिल्ली में जनकपुरी पश्चिम और नोएडा में बॉटनिकल गार्डन को जोड़ती है। इस वजह से तमाम यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचने के लिए कैब का सहारा लेना पड़ा। नोएडा के सेक्टर- 22 में नौकरी करने वालीं अनिता ने बताया कि वह रोजाना सुबह करीब आठ बजे घर से



निकलती हैं। उन्हें 10 बजे से पहले ऑफिस पहुंचना होता है। जनकपुरी पश्चिम के मेट्रो स्टेशन पहुंचने पर पता चला कि तकनीकी खराबी के कारण मेट्रो आ-जा नहीं रही। ऐसे मौकों पर कैब संचालक मनमाना पैसे वसूलते हैं। दिल्ली मेट्रो रेल निगम

**परेशानी का सबब**

**● मजेंटा लाइन मेट्रो दिल्ली में जनकपुरी पश्चिम और नोएडा में बॉटनिकल गार्डन को जोड़ती है**

(डीएमआरसी) ने अपने ट्वीटर हैंडल पर सुबह आठ बजे लिखा- जनकपुरी वेस्ट से बॉटनिकल गार्डन के बीच मजेंटा लाइन पर सेवा में विलंब। अन्य लाइन पर सेवा सामान्य है। इसके बाद डीएमआरसी ने नौ बज कर 45 मिनट पर सेवा सामान्य होने की आधिकारिक घोषणा की।

# शर्मनाकः नाबालिग लड़की से कई बार हुआ दुष्कर्म

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली से एक शर्मनाक मामला सामने आया है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक 16 वर्षीय लड़की के साथ 21 वर्षीय शख्स ने कई बार दुष्कर्म के घिनौने कृत्य को अंजाम दिया। मामले का खुलासा तब हुआ जब लड़की प्रेग्नेंट हो गई। यह मामला तब सामने आया जब लड़की ने पेट में दर्द की शिकायत की। जिसे पटेल नगर के एसवीबीपी अस्पताल ले जाया गया। जहां जांच के दौरान पता चला कि वह छह सप्ताह की गर्भवती है। इस संबंध में पुलिस को एसवीबीपी अस्पताल से सूचना मिली कि एक नाबालिग लड़की के गर्भवती होने के बाद उसे लेडी हार्डिंग अस्पताल में रेफर किया गया है। सूचना पर पुलिस टीम के लेडी हार्डिंग अस्पताल जाने पर पता चला कि वह नाबालिग छह सप्ताह की गर्भवती है। दिल्ली महिला आयोग की एक काउंसलर ने उसकी काउंसलिंग की। उत्तर प्रदेश में उसकी मौसी के गांव में मुकेश नाम के शख्स ने उसके साथ कई बार संबंध बनाए। मुकेश दिल्ली में उसके घर भी आया और उसके साथ यौन उत्पीड़न किया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (2) (दुष्कर्म) और 6 अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# किसानों ने तंबाकू के स्थान पर वैकल्पिक फसलें उगाने को लेकर किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आंध्र** प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, गुजरात आदि राज्यों में वाणिज्यिक फसलों के लाखों किसानों और कृषि श्रमिकों का प्रतिनिधित्व करने वाले गैर-लाभकारी संगठन फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया फार्मर एसोसिएशन (एफएआईएफए) ने डब्ल्यूएचओ (विश्व स्वास्थ्य संगठन) को उसकी उस सिफारिश का प्रमाण देने की चुनौती दी जिसमें उसने कहा है कि तंबाकू की जगह पर वैकल्पिक फसलों को अपनाना चाहिए, क्योंकि तंबाकू के कारण सतत कृषि पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है और वैश्विक खाद्य संकट में भी इसकी भूमिका है। एफएआईएफए ने पीएमओ (प्रधानमंत्री कार्यालय), वित्त



मंत्रालय, वाणिज्य मंत्रालय और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय से डब्ल्यूएचओ की अवैज्ञानिक सिफारिश की जांच का भी आग्रह किया। 500 से अधिक किसानों ने आज डब्ल्यूएचओ के नई दिल्ली स्थित कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया और मांग रखी कि डब्ल्यूएचओ तंबाकू बोर्ड के पास कम से कम 1000 करोड़ रुपये जमा करे और हर साल इस फंड को बनाए रखे, जिससे वैकल्पिक फसलों के कारण किसानों को होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए उन्हें राशि दी जा सके। 2022 की क्लाइमेट ट्रांसपेरेंसी रिपोर्ट में 2016 से 2021 के बीच मौसम संबंधी अप्रत्याशित स्थितियों के परिणाम दर्शाए गए हैं। चक्रवात, फ्लैश फ्लड, बाढ़ और भूस्खलन ने

**विरोध**

**● ट्रांसपेरेंसी रिपोर्ट में 2016 से 2021 के बीच मौसम संबंधी अप्रत्याशित स्थितियों के परिणाम दर्शाए गए हैं**

फसलों को व्यापक नुकसान पहुंचाया है, जिससे 3.6 करोड़ हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि प्रभावित हुई है। इसके कारण देशभर के किसानों को लगभग 3.75 अरब डॉलर का भारी नुकसान हुआ है। मध्य प्रदेश, कर्नाटक, राजस्थान, बिहार और पश्चिम बंगाल विशेष रूप से प्रभावित हुए हैं। यहां बाढ़ और भारी वर्षा के कारण फसलों को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा है। जलवायु परिवर्तन का प्रभाव तेजी से स्पष्ट होता जा रहा है। पारंपरिक उपजाऊ भूमि की उपज और उत्पादकता में गिरावट आ रही है। बार-बार फसलें खराब होती हैं, जो किसानों पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं। तंबाकू की खेती मुख्य रूप से अर्ध-शुष्क क्षेत्रों में की जाती है, जहां वैकल्पिक फसलें आर्थिक रूप से व्यवहार्य नहीं हैं। इन शुष्क क्षेत्रों में भी खेती अधिक दुर्गम होती जा रही है। ऐसी स्थिति में विज्ञान-आधारित संगठन डब्ल्यूएचओ की यह अवैज्ञानिक सिफारिश पूरी तरह अतार्किक और कुछ लोगों के स्वार्थों द्वारा संचालित एजेंडा का हिस्सा है कि तंबाकू के स्थान पर अन्य वैकल्पिक फसलों को अपनाया जा सकता है।

## संपादकीय

# अंतरिक्ष युद्ध की आहट और रणनीतिक सकपकाहट

**युद्ध** पाशविक प्रवृत्ति है। मनुष्य ने पशुओं के संसर्ग में आकर यह प्रवृत्ति सीखी है। हालांकि पशु तो महज भोजन के लिए एक-दूसरे पर आक्रमण करते हैं, लेकिन मनुष्य तो सिर्फ अपने अहंकार की संतुष्टि के लिए और कभी कभार गुटबंदी के लिए ऐसा करता है। इसलिए किसी भी संभावित युद्ध से बचने का बस एक ही उपाय यह है कि खुद को इतना मजबूत और शक्तिशाली बना लिया जाए कि हमलावर आक्रमण करने से पहले सौ बार सोचे। केंद्र में सत्तारूढ़ मोदी सरकार पिछले नौ वर्षों से यही कर रही है, जिससे दुनिया का शक्ति-संतुलन गड़बड़ाने लगा है। यह सरकार अपने राष्ट्रीय हितों और वैश्विक जरूरतों के बारे में इतनी सजग है कि वसुधैव कुटुम्बकम के शाश्वत व अकाट्य भारतीय सिद्धान्तों, जिससे गुटनिरपेक्षता भी ओत-प्रोत है, के आगे अमेरिकन लॉबी और रशियन लॉबी की एक नहीं चलने दे रही है। यहां पर अमेरिकन लॉबी का मतलब अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, जर्मनी जैसे नाटो देशों से है। जबकि रशियन लॉबी का मतलब रूस, चीन, उत्तर कोरिया, ईरान, तुर्की जैसे सीटो देशों से है। भारत तीसरी दुनिया के देशों को साधकर दुनिया के बहके हुए विकसित देशों के निरंकुश व्यक्तिगत और सामूहिक स्वार्थों को संतुलित करने की जद्दोजहद में जुटा हुआ है और अपने लक्ष्यों को धीरे- धीरे ही सही, लेकिन दृढ़तापूर्वक प्राप्त कर रहा है। इन मसलों पर फ्रांस, इजरायल और जापान जैसे देश भारत की खुलकर मदद भी करते हैं। इन वार लव ट्रायंगल जैसे त्रिकोणीय युद्ध हालातों के बीच भले ही तीसरा विश्व युद्ध टलता जा रहा हो, लेकिन अमेरिकी गुट और रूसी गुट की वैश्विक बादशाहत को बनाये रखने के लिए जो छोटे-छोटे युद्ध हो रहे हैं, वो इस बात की चुगली कर रहे हैं कि प्रथम विश्व युद्ध और द्वितीय विश्व युद्ध को झेल चुकी यह दुनिया आखिरकार कबतक तीसरा विश्व युद्ध टाल पाएगी। क्या प्रथम विश्व युद्ध के गोला बारूद, द्वितीय विश्व युद्ध के परमाणु बम की तरह तीसरे विश्व युद्ध में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी कोई नया गुल खिलाएगी और इस बार जल, थल, नभ के अलावा अन्तरिक्ष में भी युद्ध होगा। यदि अंतरिक्ष युद्ध की नौबत आई तो अमेरिका-ब्रिटेन गुट और रूस-चीन गुट की तरह क्या भारत को भी जापान और फ्रांस के साथ मिलकर कोई अंतरिक्ष गुट तैयार कर लेना चाहिए। यह सब बातें मैं इसलिए कर रहा हूं, क्योंकि हाल ही में अमेरिकी सेना के एक अधिकारी ने कहा था कि अगर जरूरत पड़ी तो हम अंतरिक्ष में भी युद्ध करने के लिए तैयार हैं। आपकी याददाश्त ताजा करा दें कि रूसी और चीनी अधिकारी भी पूर्व में ऐसी धमकियां दे चुके हैं। यदि ऐसा हुआ तो जल, थल, नभ युद्ध से ज्यादा बबार्दी अंतरिक्ष युद्ध से होगी, क्योंकि सूचना तकनीक और सूचना क्रांति के सहारे तेजी से आगे बढ़ती हुई यह दुनिया सेटेलाइट गिरते ही अचानक ठहर जाएगी और सबकुछ अस्त-व्यस्त हो जाएगा। इससे जनजीवन इतना प्रभावित होगा कि बिना मारे ही अन्य कारणों से लोग बर्बाद हो जाएंगे। भूख-प्यास-तनाव से मर जायेंगे। यदि उपर्युक्त अमेरिकी अधिकारी की बातों पर गौर करें तो उसने साफ बताया कि रूस के लगातार आक्रामक रवैये और चीन की अंतरिक्ष में ताकत बनने की महत्वाकांक्षा से अमेरिका सशंकित है और अपनी वैश्विक बादशाहत पर मंडराता खतरा देख वह किसी भी हद से गुजर सकता है।

# फिर दरिंदगी का शिकार हुई बेटी

रोहित माहेश्वरी

> "वह महिला के साथ प्रेम-संबंध में था, लेकिन कुछ दिन से महिला उससे बात नहीं कर रही थी। सितंबर 2021 को उत्तम नगर में अंकित ने 22 वर्ष की युवती पर चाकू से कई हमले कर उसकी हत्या कर दी थी। दोनों में प्रेम-संबंध था, लेकिन बाद में युवती ने अंकित से बात करना बंद कर दिया था, जिससे नाराज होकर उसने यह कदम उठाया। श्रद्धा का हत्यारा आफताब आज भी जिंदा है और जेल में है। अदालत में अभी केस चलना है। न जाने सजा कब तक होगी? यदि हमारी न्याय-प्रणाली के तहत आफताब को फांसी पर लटका दिया गया होता, तो शायद राजधानी दिल्ली का हत्याकांड न होता! कातिल मुहम्मद साहिल खान अपनी ही दोस्त की दरिंदगी से, राक्षसी व्यवहार से, हत्या करने से पहले चार बार सोचता! लडकी को बार-बार गोदने के बाद, उस पर पत्थर से प्रहार कर, उसकी हत्या कर दी"

**शाहबाद** डेरी इलाके में सिरफिरे आशिक साहिल खान द्वारा किशोरी साक्षी की निर्मम हत्या करने के दिल दहला देने वाले वीडियो ने दिल्लीवासियों के असंवेदनशील चेहरे को बेनकाब कर दिया है। सिरफिरा सड़क किनारे किशोरी के बाल पकड़कर उसके चेहरे, पीठ, पेट व सीने में सरेआम चाकू घोंपता रहा और लोग तमाशबीन बने रहे। आरोपी साहिल ने नाबालिग लड़की साक्षी पर बेरहमी के से चाकू से वार किया। इतना ही नहीं, जब इस शख्स का मन उसे मौत के उतारने से भी नहीं भरा, तो उसने पास में रखे पत्थर से वार किया। ऐसा करके इस शख्स ने नाबालिग लड़की का चेहरा भी क्षत-विक्षत कर दिया, ताकि उसे चिन्हित ना किया सकें। आरोपी जब इस वारदात को अंजाम दे रहा था, तो मौके पर कई लोग मौजूद थे। लेकिन, किसी ने भी उसे बचाने की जहमत नहीं की, उल्टा यह सब लोग मूकदर्शक बन रहे। अगर कोई भी एक पल के लिए बचाने की जहमत उठाता है, तो शायद आज साक्षी हमारे बीच होती। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार आरोपी साहिल और मृतक के बीच संबंध थे । लेकिन कल उनका झगड़ा हो गया था। मृतका अपने दोस्त के बेटे के जन्मदिन में शामिल होने की योजना बना रही थी। तब आरोपी ने उसे रोका, उस पर कई बार वार किया और उसे पत्थर से मारा। फिलहाल आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह बर्बर और घिनौना सच राजधानी दिल्ली का ही नहीं, मुंबई, हैदराबाद, रायपुर, चंडीगढ, जम्मू, बंगलुरू और केरल के किसी भी शहर का हो सकता है। युवा पीढ़ी भटक चुकी है। उसकी कई कहानियां हैं। अब उसकी प्राथमिकता रिलेशनशिप की है। खाने को दाने न हों, पढ़ाई अभी अधूरी हो, करियर की शुरूआत भी न हुई हो, लेकिन किशोर बच्चे भी संबंध में रहना चाहते हैं। ऐसे संबंधों की नियति सिर्फ हत्या होती है। हम कई मामले ऐसे देख-पढ़ चुके हैं। सबसे ज्यादा झकझोरने वाला प्रसंग दिल्ली में श्रद्धा-आफताब का रहा है। राजधानी में यह कोई पहला मामला नहीं है, जिसमें सिरफिरे आशिक ने किसी युवती के साथ दरिंगदी की हदें पार की हों। एनसीआर में प्रेम प्रसंग, अलगाव के बाद ऐसी घटनाएं अक्सर सामने आती रहती हैं। 18 मई 2023 को ग्रेटर नोएडा स्थित शिव नाडर विश्वविद्यालय परिसर में छात्र अनुज ने सहपाठी छात्रा स्नेहा चैरसिया की गोली मारकर हत्या कर दी थी। उसने खुद को भी गोली मारकर जान दे दी थी। छात्रा द्वारा छात्र से ब्रेकअप कर लेने से छात्र नाराज था।



अप्रैल 2023 को दिल्ली के मोलड़बंद में 17 वर्षीय किशोरी पर उसके प्रेमी प्रिंस ने चाकू से कई वार किए थे। दोनों में प्रेम-प्रसंग था, लेकिन कुछ समय से किशोरी ने उससे बात करना बंद कर दिया था। जनवरी 2023 को आदर्श नगर इलाके में सुखविंदर ने प्रेमिका को चाकू से गोदकर मार डाला, क्योंकि लड़की के घरवाले उसकी शादी के लिए तैयार नहीं थे। इसके बाद युवक अंबाला भाग गया था। पुलिस ने उसे वहां से दबोच लिया। सीसीटीवी फुटेज में युवक की क्रूरता देखकर लोग दंग रह गए थे। मई 2022 को महरौली इलाके में आफताब अमीन पूनावाला ने अपनी प्रेमिका श्रद्धा वाल्कर की हत्या के बाद उसके शव के 35 टुकड़े करके जंगल में फेंक दिए थे। कुछ माह बाद जब मामले का पदार्फाश हुआ। आफताब को शक था कि श्रद्धा उसे छोड़ने वाली है, इसलिए उसने उसकी हत्या कर दी। जुलाई 2022 को पूर्वी दिल्ली के विश्वास नगर में दीपक भाटी नामक ने महिला की हत्या के लिए उस पर गोली चला दी थी। वह महिला के साथ प्रेम-संबंध में था, लेकिन कुछ दिन से महिला उससे बात नहीं कर रही थी। सितंबर 2021 को उत्तम नगर में अंकित ने 22 वर्ष की युवती पर चाकू से कई हमले कर उसकी हत्या कर दी थी। दोनों में प्रेम-संबंध था, लेकिन बाद में युवती ने अंकित से बात करना बंद कर दिया था, जिससे नाराज होकर उसने यह कदम उठाया। श्रद्धा का हत्यारा आफताब आज भी जिंदा है और जेल में है। अदालत में अभी केस चलना है। न जाने सजा कब तक होगी? यदि हमारी न्याय-प्रणाली के तहत आफताब को फांसी पर लटका दिया गया होता, तो शायद राजधानी दिल्ली का हत्याकांड न होता! कातिल मुहम्मद साहिल खान अपनी ही दोस्त की दरिंदगी से, राक्षसी व्यवहार से, हत्या करने से पहले चार बार सोचता! लडकी को बार-बार गोदने के बाद, उस पर पत्थर से प्रहार कर, उसकी हत्या कर दी। इनसान है या दानव की कोई नस्ल है! राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो दिल्ली को अपराध की राजधानी करार देता रहे अथवा पुलिस की निष्क्रियता, नालायकी के मद्देनजर उसे जमकर कोसा जाए, लेकिन जघन्य अपराध के साथ-साथ यह सामाजिक नैतिकता, मानवीय संस्कार और उदासीनता का भी मामला है। साहिल लडकी पर कातिलाना वार कर रहा था। लडकी मदद के लिए चीख रही थी। गली भरी-पूरी थी और 17 लोग उस दौरान वहां से गुजरे थे। यह सीसीटीवी का प्रमाण है और पुलिस का भी खुलासा है। लोग जिंदा मुर्दों की तरह वहां से निकल गए। यदि उन्होंने सामूहिक तौर पर हस्तक्षेप करने की हिम्मत दिखाई होती, देश की राजधानी दिल्ली इतनी संवेदनहीन और पत्थर-दिल भी हो सकती है! दिल्ली बेटियों-बच्चियों के लिए ही नहीं, महिलाओं के लिए भी घोर असुरक्षित है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) 2021 के आंकड़ों के अनुसार देश के सभी मेट्रोपोलिटन शहरों में सबसे ज्यादा महिलाओं के खिलाफ अपराध दिल्ली में होते हैं। साल 2021 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में 40 फीसदी इजाफा हुआ था। इस दौरान कुल 13,892 केस दर्ज हुए थे। जबकि 2020 में यह आंकड़ा 9782 था। जो कि कुल केस का करीब 19 फीसदी है। वहीं अगर दूसरे बड़े शहरों की तुलना की जाय तो साल 2021 में मुंबई में 5,543 और बंगलुरू में 3,127 केस सामने आए थे। 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों में सड़क हादसों को देखा जाय तो यहां भी दिल्ली के दूसरे नंबर पर है। राष्ट्रीय महिला आयोग के पास पहुंची शिकायतों को देखा जाय तो, 2022 में देश में महिलाओं के खिलाफ हुए अपराधों को 30,957 शिकायतें मिलीं, जो 2014 के बाद सबसे ज्यादा हैं। इसमें से 3004 शिकायतें दिल्ली से आई हैं। जबकि महाराष्ट्र से 1,381, बिहार से 1,368 और हरियाणा से 1,362 शिकायतें मिलीं हैं। सबसे ज्यादा 54.5 फीसदी यानी 16,872 शिकायतें उत्तर प्रदेश से मिली हैं। बेशक आम आदमी पार्टी और मुख्यमंत्री केजरीवाल दिल्ली के उपराज्यपाल को कोसते रहें, क्योंकि पुलिस उनके ही अधीन है, बेशक भाजपा इसे लव जेहाद या लव टैज्प करार देती रहे, लेकिन यह अपराध का इकलौता मामला नहीं है। आश्चर्यजनक यह है कि पुलिस ने हत्यारे साहिल की गिरफ्तारी के बाद खुलासा किया कि लडका-लडकी बीते 3-4 साल से रिलेशनशिप में थे। तब दोनों ही किशोर थे। लडकी तो अब भी नाबालिग थी और 10वीं की परीक्षा पास की थी। यह कौन-सी मनोवृत्ति और मनोविकार है कि आज की पीढ़ी किशोर उम्र में ही रिलेशनशिप में जाना चाहती है? लडकी के घरवालों ने ही खुलासा किया है कि बीते कुछ समय से वह घर में नहीं, बल्कि अपनी कथित सहेली के साथ रहती थी। यानी पूरी पृष्ठभूमि आपराधिक लगती है। श्रद्धा ने भी आफताब के लिए मां-बाप का घर छोड़ दिया था। सवाल है कि आज की नाबालिग या बालिग लड़कियां ऐसे गुस्सैल, हिंसक और आक्रामक युवाओं के प्रति आकर्षित क्यों होती हैं? क्या नए भारत का यह एक कुरूप चेहरा भी है, जिसमें 20 साल के नवयुवक के भीतर इतना गुस्सा, असहिष्णुता और हत्या की हद तक आक्रामकता है! उम्मीद की जानी चाहिए कि पुलिस और अदालत आरोपी को उसके अंजाम तक पहुंचाएंगे।

## कविता

### दिल्ली नहीं देखती

दिल्ली ! देखती
नहीं है
उसे कुछ दिखता
नहीं
शायद! वह देखना
भी नहीं चाहती ?
जेठ में भी कोहासा
घना है
क्योंकि
हस्तिनापुर ने भी
नहीं देखा
द्रौपदी का
वस्त्रहरण?
शायद
धृतराष्ट्र अंधा था !
लेकिन, जिन्हें
आँखें थीं वह भी
अंधे थे ?
क्योंकि
उन्हें राजदण्ड का
भय रहा ?
फिर
साक्षी, निर्भया का
आर्तनाद कौन
सुनेगा?
सब्जी की तरह वह
कट रहीं थीं
सड़क से अंधे-
बहरे-गूंगे गुजर रहे
थे
शायद
इंसानियत मर चुकी
है
अब आँखों वाले
अंधे हैं !
इसीलिए
दिल्ली को
कुछ नहीं दिखता
दिल्ली बस!
साधती है मतलब
बाकि वह कब की
अंधी है ?

प्रभुनाथ शुक्ल

# ये आंसू कहीं सुनामी न बन जायें?

**तनवीर जाफरी**

**देश** के नये संसद भवन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों द्वारा गत 28 मई को किया जा चुका है। यह अजीब भ्रमपूर्ण स्थिति है कि भारत को स्वदेश निर्मित नये संसद भवन मिलने जैसी 28 मई की महत्वपूर्ण तिथि को इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों से लिखा जायेगा या यह दिन देश के इतिहास का एक काला अध्याय दर्ज होगा ? जाहिर है सत्ता पक्ष के लोग और इनके समर्थक ,भोंपू मीडिया आदि ने तो नये संसद भवन के उद्घाटन दिवस को कुछ इस अंदाज में पेश किया गोया देश को वास्तव में गुलामी से मुक्ति ही अब मिली हो। खैर,सत्ता की खुशामद परस्ती और हाकिम के सुर से अपना सुर मिला कर बोलने जैसी प्रवृति चूँकि अब एक आम बात हो चुकी है लिहाजा इस विषय पर चर्चा करना ही फुजूल है। परन्तु देश इन सवालों के जवाब तो जरूर जानना चाहेगा की आखिर इतने बड़े आयोजन व कार्यक्रम में राष्ट्रपति व उपराष्ट्रपति को आमंत्रित न करने का कारण क्या था ? देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर बैठे महामहिम राष्ट्रपति को आमंत्रित न करना उनका अपमान है या नहीं ? देश को यह जानने की भी उत्सुकता है कि सत्ता पक्ष व मीडिया के इतने बखान करने के बावजूद आखिर किन परिस्थितियों में देश के 20 प्रमुख विपक्षी राजनैतिक दलों ने नये संसद भवन के उद्घाटन कार्यक्रम का बहिष्कार किया ? और इन सब से इतर नये संसद भवन के उद्घाटन की इसी 28 मई को नई दिल्ली के जंतर मंतर पर बैठे ओलम्पियन खिलड़ियों के साथ पुलिस किस तरह पेश आई,इस घटना को भी 28 मई का इतिहास कभी भूल नहीं पायेगा। कितना दुर्भाग्यपूर्ण था यह दृश्य कि एक तरफ जहां ओलम्पिक पदक विजेता महिलायें अपने साथ हुये शारीरिक शोषण के आरोपी एक भाजपा सांसद की गिरफ़्तारी को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से धरना प्रदर्शन कर रही थीं। तो पुलिस उन्हें नये संसद भवन के पास उनके द्वारा आहूत महिला पंचायत में जाने से रोकने लिये अपना पूरा जोर लगाए हुए थी। दिल्ली की सीमाओं को एक दिन पहले से ही महिला पंचायत में पहुँचने वालों के प्रवेश के लिये सील कर दिया गया था। तो दूसरी ओर वही आरोपी सांसद जिसपर पहले भी दर्जनों आपराधिक केस दर्ज हैं, उसी नवनिर्मित संसद भवन के उद्घाटन समारोह में सम्मानित अतिथि सांसद के रूप में शरीक होकर 'ऐतिहासिक उद्घाटन समारोह' की शोभा बढ़ा रहा था ?

एक तरफ उसी सांसद के कथित शोषण का शिकार अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता पहलवान उनके साथ हो रही पुलिस ज्यादती व धक्केशाही से दुखी होकर चीख चिल्ला रही थीं व आंसू बहा रही थीं तो दूसरी ओर जंतर मंतर से कुछ ही दूरी पर सत्ता संरक्षण में वही आरोपी सांसद भारी सुरक्षा बंदोबस्त के बीच सत्ता के जश्न का हिस्सा बनकर स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा था ?

## विचार

# रेल अंडर पास-राहत या मुसीबत

निर्मल रानी

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने गत दिनों पश्चिम बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी से असम के गुवाहाटी के बीच चलने वाली एक और नई वंदे भारत ट्रेन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने भारतीय रेल की अनेक उपलब्धियों का जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'आज भारत में हो रहे इंफ्रा स्ट्रक्चर के काम की पूरी दुनिया में बहुत चर्चा हो रही है. क्योंकि यही इंफ्रा स्ट्रक्चर तो जीवन आसान बनाता है। यही इंफ्रा स्ट्रक्चर तो रोजगार के अवसर बनाता है। यही इंफ्रा स्ट्रक्चर तेज विकास का आधार है। यही इंफ्रा स्ट्रक्चर गरीब, दलित, पिछड़े, आदिवासी, ऐसे हर वंचित को सशक्त करता है' वगैरह वगैरह। प्रधानमंत्री ने यह भी बताया कि वर्ष 2014 से पहले पूर्वोत्तर के लिए रेलवे बजट के नाम पर 2500 करोड़ दिया जाता था लेकिन अब इसे बढ़ाकर 10 हजार करोड़ कर दिया गया है. जो कि पहले की अपेक्षा 4 गुना अधिक है।

जिस समय प्रधानमंत्री जी रेल विकास के बारे में यह दावे कर रहे थे कि 'इंफ्रा स्ट्रक्चर तो जीवन आसान बनाता है' ठीक उसी समय देश के अनेक हिस्सों में बेमौसम की बारिश हो रही थी और देश के सैकड़ों रेल अंडर पास पानी भर जाने की वजह से तालाब बन चुके थे। और यही रेल इंफ्रा स्ट्रक्चर इंसान का जीवन आसान बनाने के बजाये लोगों के जीवन को नर्क बना रहे थे। जरा कल्पना कीजिये कि जिन रेलमार्गों से होकर वंदेभारत जैसी आधुनिक ट्रेन्स तीव्र गति से गुजरते हुये भारतीय रेल के विकास में नया अध्याय जोड़ रही हों उन्हीं रेल मार्ग के नीचे जनसुविधाओं के लिए बनाया गया

रेल अंडर पास तालाब या स्वीमिंग पूल बनकर आम लोगों के जीवन में दुश्वारियां पैदा कर रहा हो, यह आखिर कैसा रेल विकास है ? पूरे देश में हजारों की संख्या में रेल अंडर पास बनाये जा चुके हैं और सैकड़ों अभी भी निमार्णाधीन हैं। इनमें कई अंडर पास बनाने में तो 6-7 वर्ष तक का लंबा समय भी लगा है। रेल विभाग द्वारा इस तरह का अंडर पास बनाने का मकसद यही है कि एक तो फ़्लाई ओवर की तुलना में यह सस्ता निर्माण है। दूसरे अंडर पास बन जाने से रेल फाटक और गेट मैन कर्मचारी की तैनाती और कई तकनीकी झंझटों से मुक्ति मिल जाती है। इस लिहाज से अंडर पास का निर्माण बहरहाल बेहतर ही है। परन्तु वास्तविकता तो यही है कि आज देश के अधिकांश रेल अंडरपास लोगों के लिये बड़ी समस्या बन चुके हैं। उत्तर प्रदेश के नेपाल सीमा के निकट महराजगंज जिले के अंतर्गत नौतनवां क्षेत्र के बरवांकला गाँव के पास बना रेल अंडरपास हो या हरियाणा के रेवाड़ी-फुलेरा रेलमार्ग पर एलसी नंबर 26 पर बना अंडरपास,हरियाणा के उचाना कलां में मानव रहित फाटक की जगह बना अंडरपास या फिर राजस्थान में बीकानेर दिल्ली नेशनल हाईवे संख्या 11 पर बना रेलवे अंडरपास हो। हरियाणा के दादरी शहर के गांधीनगर क्षेत्र में बंद फाटक पर बना रेलवे अंडरपास हो या बहादुरगढ़ (झज्जर) शहर का रेलवे अंडरपास या फिर हरियाणा के ही फरीदाबाद जैसे व्यस्त शहर में बना एनएचपीसी रेलवे अंडरपास। राजस्थान में सीकर जिले के फतेहपुर का मंडावा रोड स्थित रेलवे अंडर पास हो या फिर मध्य प्रदेश के सौंसर नगर के रेलवे चौकी स्थित निर्मित रेलवे अंडरपास। उपरोक्त जैसे सैकड़ों उदाहरण दिये जा सकते हैं जो भारी बारिश में तो पानी से लबालब रहते ही हैं बल्कि इनमें से अनेक तो आजकल मानसून से पूर्व हो रही बेमौसमी बारिश में भी स्विमिंग पूल अथवा तालाब होने का दृश्य पेश कर रहे हैं।आश्चर्य की बात तो यह है कि कुछ ऐसे अंडर पास भी बने हैं जो बिना बारिश के भी भर जाते हैं। ऐसा ही एक अजूबा रेल अंडर पास अंबाला शहर रेलवे स्टेशन के बिल्कुल साथ लगता हुआ है जो शहर के अत्यंत व्यस्त मार्ग पर है। शहरवासियों के लिए 'नासूर ' बन चुके इस अंडर पास का उद्घाटन स्थानीय भाजपा विधायक ने अपने जन्म दिन 25 अक्टूबर 2022 के अवसर पर किया था। उद्घाटन के दिन से ही यह रेल अंडर पास जिसे बनने में लगभग 6 वर्ष का समय लगा,आम लोगों के लिये परेशानी का सबब बना रहता है। दरअसल इस रेल अंडर पास के नीचे से ही पानी तेजी से रिस्ता रहता है। और अब तक कई बार इस अंडर पास को मरम्मत के लिये बंद भी किया जा चुका है। यहाँ तक कि एक बार भाखड़ा नंगल डैम की लीकेज बंद करने के विशेषज्ञों की भी एक टीम ने करीब 15 दिनों तक इस मार्ग से यातायात पूरी तरह बंद कर इसकी मरम्मत भी की। परन्तु कुछ समय बाद जमीन के नीचे से तेज जल रिसाव फिर शुरू हो गया। इसतरह के रेल अंडर पास में होने वाले जलभराव जहां अभियंताओं की सूझ बूझ पर सवाल खड़ा करते हैं वहीं इस तरह के गैर जिम्मेदाराना निर्माण में भ्रष्टाचार की भी बू आती है। कई अंडरपास में रुका हुआ पानी बाहर करने के लिये शक्तिशाली मोटर भी लगाई गयी हैं परन्तु उसके बावजूद पानी के भरने का क्या अर्थ है ? कई बार इनमें स्कूल की बसें फंसने की खबर आती है तो कभी कारें डूब जाती हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## कैरियर

# फोटोजर्नलिस्ट - फोटोजर्नलिस्ट कैसे बनें

**विजय गर्ग**

**फोटो जर्नलिस्ट** उन तस्वीरों को कैप्चर करते हैं जो प्रमुख समाचार पत्रों में समाचारों, फीचर स्टोरीज, इवेंट रिपोर्ट और अन्य सामग्री के साथ दिखाई देती हैं। फोटोग्राफर स्थानीय समाचार पत्रों, राष्ट्रीय पत्रिकाओं या इंटरनेट मीडिया के लिए काम कर सकते हैं। वे प्रकाशित करने के लिए ग्राहकों या व्यवसायों के लिए चित्र लेते हैं, संपादित करते हैं और सबमिट करते हैं। ऐसा लगता है कि फोटो जर्नलिस्ट का सीधा लक्ष्य हैः ऐसी तस्वीरें लेना जो प्रासंगिक वर्तमान घटनाओं के बारे में एक कहानी बताती हैं। हालांकि, यह लक्ष्य अक्सर कहा जाने की तुलना में आसान होता है, और एक फोटो जर्नलिस्ट द्वारा एक प्रकाशित तस्वीर का निर्माण करने के लिए आवश्यक श्रम की कल्पना की तुलना में कहीं अधिक हो सकती है। यात्रा, उपकरण शुल्क, और खतरनाक काम करने की स्थिति सभी में वृद्धि हो सकती है, लेकिन एक अच्छी छवि बनाना प्रयास के लायक हो सकता है। फोटो जर्नलिस्ट को उनके काम को प्रमुख पत्रिकाओं में प्रकाशित करके पुरस्कृत किया जाता है। अधिकांश फोटो पत्रकार छुट्टी के समय यात्रा करने के लिए बाध्य होते हैं। यात्रा में समुद्र तटों या शहरों में छवियों को कैप्चर करना शामिल हो सकता है, साथ ही युद्धग्रस्त देश का दौरा करना या तनावपूर्ण राजनीतिक घटनाओं में भाग लेना शामिल हो सकता है। इसके अलावा, समाचार हर समय टूटते रहते हैं, जिसका अर्थ है कि यात्रा अप्रत्याशित हो सकती है और तस्वीरें प्राप्त करने के लिए तीव्र, अंतिम-मिनट की यात्रा की आवश्यकता होती है, जबकि वे अभी भी उपलब्ध हैं। यात्रा के दौरान फोटो पत्रकार घटनाओं में खुद को डुबो देते हैं ताकि कहानी को संप्रेषित करने के लिए सही तस्वीर मिल सके। यात्रा एक फोटो पत्रकार के करियर का एक महत्वपूर्ण तत्व है, लेकिन इसके बारे में सोचने के लिए और भी चीजें हैं। उन्हें अपने उपकरणों को साफ, अनुरक्षित और चालू भी रखना चाहिए। फ्रीलांस फोटो जर्नलिस्ट भी अपनी तस्वीरों को बेचने और लाइसेंस देने में समय बिताते हैं, साथ ही ताजा घटनाओं और तस्वीरों की सेटिंग के लिए समाचार और रिपोर्ट खोजते हैं।

## कुछ भी...

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त, प्रसिद्ध नवयुवा व्यंग्यकार

बिटिया! ओ बिटिया! यह क्या निपोरा बना दिया। भला कोई इसे हलवा कहते हैं? इसे अच्छा-खासा चंगा आदमी खा ले तो पल में प्राण पखेरू हो जाए। ऐसा पकवान तो कोई अपने दुश्मन को भी न खिलाए। इसमें तुमने क्या मिलाकर बनाया है?

माँ आप भी कमाल करती हैं। आप जैसा कहती है मैं वही तो करती हूँ। कभी मैंने आपका कहा टाला है। लकीर की फकीर हूँ। मक्खी टू मक्खी काम करती हूँ। फिर भी आप हमें जब देखो तब डाँटती रहती हैं।

माँ ने चीढ़ते हुए कहा - तू ही यह अमृत खा कर देख। तब बताना क्या बनाया है। तब मान लूंगी कि तू मेरा कहाँ मानती है। वैसे बता इसे तूने बनाया कैसे हैं?

बिटिया ने कहा - पहले मैंने कढ़ाई ली। उसमें थोड़ा पानी गर्म किया। फिर उसमें काली मिर्च, लवंग, इलायची, दालचीनी पत्ता, मुलेठी, आजवाइन, हल्दी, थोड़ा नमक और ढेर सारी सूजी मिलाकर उस पर शक्कर डाल दी। थोड़ी देर पकाया और बन गया हलवा।

माँ ने माथा पीटते हुए कहा - धन्य हो तुम्हारी ज्ञान।! भला कोई हलवा के लिए गर्म मसाले और अगड़म-बगड़म चीजों का इस्तेमाल करता है। अच्छा हुआ अभी तुम्हारी शादी नहीं हुई वरना ससुराल में हमारी नाक कटवा देती। गधी कहीं की।

मां आप मुझे गधी न कहें। आप कोरोना से जुड़ी हर खबर पढ़ती है, देखती हैं और इस कान, उस कान सबकी बातें सुनती हैं। कभी आप काली मिर्च, आजवाइन, लवंग का काढ़ा पिलाती हैं तो कभी सी कॉन्प्लेक्स तो कभी बी कांप्लेक्स की गोलियां खिलाती हैं। कौवा कान ले गया की तर्ज पर जिससे जो सुना वह हम पर आजमाना शुरू कर देती हैं। कभी सोचा है ऐसा करने से इन सबका हम पर क्या असर पड़ता है? आप तो हम सब का ख्याल रखने के चक्कर में खुद तो पीती नहीं हैं। आपको भला कैसे पता चलेगा?

# जिला पुलिस से ग्यारह पुलिस कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

जिला पुलिस के ग्यारह पुलिस कर्मचारी पुलिस विभाग में अपनी बेहतरीन सेवाएं देने के उपरांत सेवानिवृत्त हो गए। पुलिस लाइन के सभागार में इन कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होने पर एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के एएसपी पुष्पा खत्री ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

इस दौरान जिला पुलिस से एसआई चरण सिंह, ईएसआई देवेन्द्र सिंह, ईएसआई ओमप्रकाश, ईएसआई देवानंद, ईएएसआई सतबीर सिंह, ईएसआई पुन्नु राम, ईएसआई सतबीर सिंह, ईएसआई जगबीर सिंह, ईएसआई जयबीर सिंह, ईएसआई सतबीर व ईएसआई राजपाल पुलिस विभाग में अपनी सेवाएं देने उपरांत सेवानिवृत्त हुए। उप निरीक्षक चरण सिंह अपने जीवन के बहुमूल्य 34 साल 6 महीने, ईएसआई देवेन्द्र सिंह 34 साल 5 महीने, ईएसआई ओमप्रकाश 34 साल 5 महीने, ईएसआई देवानंद 33 साल 7 महीने, ईएएसआई सतबीर सिंह 22 साल 7 महीने, ईएसआई पुन्नु राम 34 साल, ईएसआई सतबीर सिंह 33 साल 5 महीने, ईएसआई जगबीर सिंह 33 साल, ईएसआई जगबीर सिह 34 साल, ईएसआई सतबीर सिंह करीब 31 साल पुलिस विभाग में सेवाएं देने के बाद आज सेवानिवृत्त हुए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पा खत्री द्वारा सबसे पहले सेवानिवृत्त हो रहे पुलिस कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह व उपहार देकर स्वस्थ जीवन व दीघार्यु की कामना करते हुए सेवानिवृत्त किया गया। उन्होंने कहा कि



**सेवानिवृत्त हो रहे पुलिस कर्मचारियों को पुलिस विभाग में अपने जीवन का महत्वपूर्ण समय देकर लम्बे समय तक बेहतरीन सेवाएं देने के बाद सेवानिवृत्त होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है**

सेवानिवृत्त हो रहे पुलिस कर्मचारियों को पुलिस विभाग में अपने जीवन का महत्वपूर्ण समय देकर लम्बे समय तक बेहतरीन सेवाएं देने के बाद सेवानिवृत्त होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। पुलिस विभाग में अपनी सेवाएं देना एक चुनौतिपूर्ण कार्य है, जिससे कहीं ना कहीं पुलिस विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे व्यक्ति का परिवार भी प्रवाभित होता है। आप सभी ने लम्बे समय तक पुलिस विभाग में सेवाएं देने के साथ-साथ काफी अनुभव भी प्राप्त किया। यह अनुभव सेवानिवृत्त होने के बाद गरीब व समाज के जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने के लिए काम आ सकता है।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त हुए पुलिस कर्मचारियों के परिवारजन, जिला पुलिस के अधिकारीगण व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### लोगों को सरकारी योजनाओं का उठाना चाहिए लाभ: अभिमन्यु सिंह



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निजी सचिव अभिमन्यु सिंह सप्ताह के हर मंगलवार को प्रेम नगर स्थित मुख्यमंत्री आवास पर बने कार्यालय में लोगों की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान के लिए अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश जारी कर रहे हैं, जिससे लोगों को राहत मिल रही है।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे टीम वर्क के रूप में कार्य करते हुए जनता की समस्याओं का निदान करें। जनसमस्याओं का समाधान प्राथमिकता से करें, इस मामले में कोताही न बरतें। उन्होंने कहा कि सरकार लोगों के हित मे बेहतरीन सुविधाओं को लेकर नित्य प्रयासरत है। उन्होंने सरकारी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी लोगों की शिकायतों की सुनवाई विभागीय स्तर पर सुनिश्चित करने में सजगता दिखाएं, ताकि लंबित मामले न रहे और शिकायतकताओं को व्यर्थ के कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़े। अभिमन्यु सिंह ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य में हमारी सरकार देश और प्रदेश के लिए अनेकों जनहित की योजनाएं बना रही है। इन योजनाओं का लाभ समाज में अंतिम पंक्ति में खड़ा व्यक्ति भी उठा पा रहा है और सभी वंचित लोगों को भी इनका लाभ उठाना चाहिए।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**अंबाला (मनीष)**
(मो. नं.: 9896772006)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पानीपत (बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं.: 9466035040)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**करनाल राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं.: 98962 76156)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**चंडीगढ़/पंचकुला हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं.: 94668 87896)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**सोनीपत (संजीव कौशिक)**
(मो. नं.: 9991270143)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**फरीदाबाद हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं.: 98117 14343)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पंचकूला (मैनपाल)**
(मो. नं.: 9671232478)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**कुरुक्षेत्र दलबीर सिंह**
(मो. नं.: 94162 71181)

# हथियारों की तस्करी के आरोपी को दो साल की कैद

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** न्यायालय ने अवैध हथियारों की तस्करी के मामले में आरोपी को दो साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही एक हजार रुपए का जुमार्ने भी लगाया गया है। आरोपी को 8 रिवॉल्वर व देसी कट्टे के साथ गिरफ्तार किया गया था। 2021 से मामला कोर्ट में विचाराधीन था। इस मामले में एक आरोपी अभी फरार चल रहा है। पुलिस दूसरे आरोपी की तलाश में जुटी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घरौंडा थाना पुलिस ने 26 फरवरी 2021 को पानीपत निवासी नवाब उर्फ बंगाली को अवैध हथियारों की तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। दरअसल पुलिस को सूचना मिली थी कि कोहंड-घरौंडा पुल के नीचे एक व्यक्ति काला बैग लिए खड़ा है। इस बैग में अवैध सामान हो सकता है। पुलिस ने नवाब उर्फ बंगाली की तलाशी ली तो उसके बैग से 8 रिवॉल्वर 32 बोर, एक देसी कट्टा 315 बोर व 8 रौंद जिंदा 32 बोर के बरामद हुए थे। पुलिस ने आरोपी से गहनता से पूछताछ की तो खुलासा हुआ कि वह अवैध हथियार की सप्लाई करता था। आरोपी नवाब ने बताया कि वह मूल रूप से पश्चिम बंगाल का रहने वाला है। फिलहाल वह पानीपत में मकान लेकर रह रहा था। इसके बाद पुलिस ने उसे रिमांड पर लिया। रिमांड के दौरान नवाब ने अपने दूसरे साथी मलखान निवासी लाल बाग सिरसोदिया (मध्य प्रदेश) के नाम का खुलासा किया था। दो साल बीत जाने के बाद भी आरोपी मलखान पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। इस मामले के सरकारी वकील डॉ. पंकज ने बताया कि दोषियों को सजा मिलने से समाज में भी संदेश जाता है कि अपराध की गतिविधियों में संलिप्त होने से दोषी बच नहीं सकता है और आखिर में उसे जेल की सलाखों के पीछे आना पड़ता है। इसलिए अदालत और सजा का डर अपराध को कम करने के लिए मददगार साबित होता है।

# शहीद पुलिस जवानों को करनाल पुलिस ने किया याद

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**

**करनाल** पुलिस के वीर एवं बहादुर पुलिस कर्मचारी, जिन्होंने समाज एंव देश व प्रदेश की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति दी थी, इन वीर जवानों की याद में आज पुलिस लाईन के शहीदी स्मारक पर एकत्रित होकर कुछ पल का मौन धारण कर इन वीर जवानों को याद किया गया। शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित कर उनकी वीरता व उनके द्वारा दिए गए सर्वोच्च बलिदान को याद किया गया।

उल्लेखनीय है कि आज के दिन वर्ष 1992 में करनाल पुलिस के चार बहादुर जवानों ने पंजाब में उग्रवादियों से मुठभेड़ करते हुए कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था और शहीद हो गए थे। करनाल पुलिस के शहीद निरीक्षक बलजीत सिंह वासी छछरौली जिला यमुनानगर 31 मई 1992 को बतौर इंचार्ज सीआईए करनाल में तैनात थे। जो 31 मई 1992 को अपने साथी पुलिस कर्मचारियों निरीक्षक विजेन्द्र सिंह वासी आसन जिला रोहतक, एएसआई रघुनंदन वासी मोहल्ला नालापार नारनौल व सिपाही नारायण सिंह वासी मुकीमपुर जिला सोनीपत के साथ उग्रवादियों की सूचना पर गांव मतौली जिला पटियाला पंजाब के एक मकान पर रेड करने गए थे। उसी समय उग्रवादी जरनैल सिंह व उसके साथियों के साथ मुठभेड़ होने के कारण उनसे मुकाबला करते हुए चारों पुलिस जवान शहीद हो गए थे।



इनके अलावा वर्ष 2010 में जिला पुलिस के शहीद ईएचसी जगतार सिंह दोषी गुरप्रीत को गिदडवाड अदालत मे पेश करने ले जाते समय दोषी को छुड़वाने के लिए अचानक असामाजिक तत्वों के साथ रेल में हुई मुठभेड़ में गोली लगने से शहीद हो गए थे और वर्ष 2018 में एसआई नरेन्द्र सिंह बाल किशोरी ममता वासी रोहतक को नारी निकेतन करनाल से लेकर किशोर न्याय बोर्ड रोहतक में पेश करने उपरांत बाहर निकलते समय दो मोटरसाईकिल सवारों ने बाल किशोरी ममता को गोली मारी, जो बाल किशोरी ममता को बचाने के लिए अपनी जान की परवाह किए बगैर बहादुरी व साहस का परिचय देते हुए अपराधियों का सामना करते हुए अपने प्राणों की आहुति देकर शहीद हो गए थे।

इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक यातायात नयाब सिंह ने कहा कि हमें शहीद हुए अपने वीर जवानों पर गर्व है। इन वीर जवानों ने देश व समाज की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का बलिदान दे दिया और अमर हो गए। इनकी याद में हर साल 31 मई को पुलिस लाईन के शहीद स्मारक पर इन्हें नमन किया जाता है और श्रद्धासुमन अर्पित किए जाते हैं।

# पुलिस कर्मचारियों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक करने के लिए हुई वर्कशाप

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**

**जिला** पुलिस के कर्मचारियों को साइबर अपराधों से बचे रहने व साइबर अपराध घटित होने की स्थिती में साईबर सैल की मदद से ऐसे मामलों को जल्द से जल्द ट्रैस करने के संबंध में जागरूक करने के लिए पुलिस लाईन के सभागार में एक वर्कशॉप आयोजित की गई।

इस वर्कशॉप के माध्यम से साइबर सैल की टीम ने पुलिस कर्मचारियों को बताया कि आज के समय में किस.किस प्रवृति के साइबर अपराध घटित हो रहें हैं और साइबर अपराधी किस तरह से लोगों को झांसे में लेकर या उनकी निजी जानकारियां चुराकर लोगों के साथ ठगी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। ऐसे साइबर अपराधों से बचे रहने के लिए पुलिस कर्मचारियों को विस्तार से जानकारी दी गई। इसके अलावा जब किसी अनुसंधान अधिकारी के पास साइबर अपराध का कोई मामला आता है तो उस मामले में किस तरह से साइबर सैल की मदद लेकर प्रभावी तरीके से मामले की जांच की जा सकती है और आरोपियों तक अपनी पंहुच बनाई जा सकती है, के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई।



## नव चयनित अधिकारियों ने किया जिले का दौरा

**पानीपत:** संघ लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित नवनियुक्त अधिकारियों का एक प्रतिनिधि मण्डल बुधवार को तीन दिवसीय दौरे पर पानीपत पंहुचा जिनमें मौहम्मद शौखत अजीम, श्वेता पाण्डे, मुपा अशोक, तपेन्द्रा मीणा सहित रामकिशन सैन मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने अपने दौरे के पहले दिन जिला सचिवालय में स्थित विभिन्न विभागों के कार्यालयों में जाकर केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में शुरू की गई योजनाओं की जानकारी ली।

इस दौरान एसडीएम वीरेन्द्र कुमार ढुल ने उपरोक्त सभी अधिकारियों को जिला सचिवालय में बने सरल केन्द्र व अंत्योदय केन्द्र सहित सीएम विण्डों का भी दौरा करवाया।

# करनाल पटवारखाने में सीएम फ्लाइंग की रेड



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**

**करनाल** के पटवारखाने में मुख्यमंत्री उडनदस्ते ने छापा मारा। सुबह 9 बजकर20 मिनट तक कार्यालय में सिर्फ तीन पटवारी ही मौजूद मिले। सीएम फ्लाइंग की टीम ने पटवारखाने के रिकॉर्ड को अपने कब्जे में ले लिया और जांच पड़ताल शुरू कर दी। सीएम फ्लाइंग की रेड से पटवारखाने में हडकंप मच गया। आनन फानन अन्य पटवारी कार्यालय पहुंचे। तर्क दिया कि वे मीटिंग में गए हुए थे। फिलहाल सीएम फ्लाइंग मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। काफी समय से शिकायत मिल रही थी कि पटवारखाने में अपने कामों के लिए आने वाले लोगों के समय पर काम नहीं होते। उन्हें अपने काम के लिए बार-बार पटवारखाने के चक्कर काटने पड़ते हैं। इसकी जांच के लिए सीएम फ्लाइंग की टीम पटवारखाने में पहुंची थी। जाते ही टीम ने रिकॉर्ड अपने कब्जे में ले लिया। सीएम फ्लाइंग की टीम ने रिकॉर्ड तो खंगाल ही, साथ ही कार्यालय में आने वाले लोगों से पूछताछ भी की। इस दौरान लोगों से पूछा कि वह कितने दिनों से कार्यालय में काम के लिए आ रहे हैं। उनका काम क्यों नहीं हो रहा।

पटवारखाने में 13 से 15 पटवारी हैं, लेकिन जब सीएम फ्लाइंग पहुंची तो सिर्फ तीन ही कर्मचारी मिले। जब सीएम फ्लाइंग की भनक लगी तो बाकी पटवारी भी मौके पर पहुंचे। पटवारियों का तर्क था कि वे जिला सचिवालय में मीटिंग में थे।

# अधिकारियों को टीडीएस के प्रावधानों से कराया अवगत

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**

नितिन कुमार गोयल व स्वाति गोयल डायरेक्टरर्स एनकेजी एंड एसोसिएट्स (टैक्स व जीएसटी व इन्वेस्टमेंट कंसल्टेंटर्स) ने बुधवार को अपने कार्यालय हाउस नंबर 220 (बेसमेंट) सेक्टर 14 पार्ट-2 अर्बन स्टेट करनाल में टीडीएस से संबंधित प्रावधानों के लिए इनकम टैक्स के टीडीएस डिपार्टमेंट के साथ मिलकर एक सेमिनार आयोजित किया, जिसमें इनकम टैक्स विभाग के आयकर ऑफिसर शील गुप्ता मुख्य वक्ता के तौर पर आए।

उन्होंने इस सेमिनार में न्यू टीडीएस टीसीएस प्रोविजन्स 2023 शीर्षक के तहत हरियाणा सरकार के और केंद्रीय सरकार के विभिन्न विभागों से आए हुए एकाउंट्स ऑफिसर को वर्ष 2023 के बजट में टीडीएस में आए हुई नए प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी और अधिकारियों को बताया कि टीडीएस से संबंधित की रिटर्न में आप अपना डाटा ठीक तरह से और समय से भरें, ताकि किसी भी तरह के जुमार्ने आदि से बचा जा सके। कार्यक्रम में आर.पी.तंवर आयकर अधिकारी इंटेलिजेंस ने भी आए सभी अधिकारियों को अपने विभाग के कर्मचारियों का टीडीएस काटते समय सभी प्रावधानों को ध्यान में रखकर ही काटें, ताकि कर्मचारियों की जवाबदेही भी हमारे विभाग से कम से कम रहे।





इस अवसर पर आयकर विभाग के इंस्पेक्टर अतुल मान, दीपक नैन और योगेश, संजय मदान अध्यक्ष हरियाणा स्टेट टैक्स बार एसोसिएशन, सीए नीरज गर्ग पूर्व चेयरमैन सीए एसोसिएशन शाखा करनाल और विभिन्न विभागों के अफसर जैसे कि पीडब्ल्यूडी ऑफिस, सीएमओ ऑफिस, पंचायती राज ऑफिस, इग्नू, बिजली बोर्ड, आईसीडब्ल्यूआर और अन्य विभागों के अधिकारीगण शामिल हुए।

# भगोड़े घोषित किए गए तीन अपराधी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**

थाना बुटाना व सीआईए टू की टीम द्वारा विभिन्न मामलों में न्यायालय द्वारा भगौडे घोषित किए गए तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पहले मामले में थाना बुटाना की टीम द्वारा आरोपी कृष्ण पुत्र सतबीर वासी बुटाना व आरोपी प्रवीण पुत्र सतीश शर्मा वासी हैफेड कालोनी निलोखेडी को विश्वसनीय सूचना पर गिरफ्तार किया गया।

वहीं सीआईए टू की टीम द्वारा तीसरे आरोपी ईश्वर पुत्र टेकराम वासी सौंगरी जिला कैथल को गिरफ्तार किया गया। आरोपी ईश्वर को वर्ष 2001 के थाना शहर करनाल के एक मामले में न्यायालय सीजेएम करनाल द्वारा वर्ष 2006 में भगौड़ा घोषित किया गया था। आरोपी कृष्ण व प्रवीण के खिलाफ न्यायालय श्री वंदना जेएमआईसी करनाल की कोर्ट द्वारा भगौड़ा घोषित होने पर थाना बुटाना में भादंसं की धारा 174ए के तहत मामला दर्ज किया गया। अन्य मामलो में भी पुलिस पीओ घोषित हो चुके व न्यायालय द्वारा भगौड़े घोषित किए गए आरोपियों को गिरफ्तार करने के जिला पुलिस द्वारा तमाम प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# सैशन जज-सीजेएम ने किया प्लेस ऑफ सेफ्टी का निरीक्षण

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**

जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सुश्री जसबीर कौर ने बुधवार को प्लेस ओफ सेफ्टी मधुबन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्लेस ऑफ सेफ्टी में रह रहे बाल कैदियों से वातार्लाप की और उनको होने वाली परेशानियों के बारे में जाना। इसके बाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने उनको परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता को परखा।

उन्होंने बच्चों को स्वस्थ रखने और अपने आस-पास के वातावरण को साफ-सुथरा रखने के लिए भी जागरूक किया, ताकि किसी भी प्रकार की बीमारी न फैले। उन्हें यह भी बताया गया कि यदि कोई बच्चा अपने आगे के अध्ययन में सुधार करना चाहता है तो वह जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर सकता है। इस संबंध में अधीक्षक को बच्चों के आवेदन अग्रेषित करने के निर्देश दिए गए।



उन्होंने अधीक्षक को बैरकों और पुस्तकालय में बच्चों/कैदियों के कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी स्थापित/प्रदर्शित करने का भी निर्देश दिया गया, ताकि बच्चों/कैदियों को कानूनी सेवायें प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत बनाए गए नियम और कानून निर्धारित उनके कानूनी अधिकारों से अवगत कराया जा सके। कुछ कैदियों/बच्चों ने विभिन्न न्यायालयों में लंबित अपने मामलों की शीघ्र सुनवाई के लिए अनुरोध किया। चंद्रशेखर ने अधीक्षक को उनके आवेदनों को अग्रेषित करने का निर्देश दिया गया, ताकि मामला संबंधित न्यायालयों के ध्यान में लाया जा सके। उन्होंने अधीक्षक को विशेष रूप से किशोर न्याय अधिनियम और उसके तहत बनाए गए नियमों के अस्तित्व और बच्चों/कैदियों के कल्याण के तहत गठित समितियों के अस्तित्व के बारे में भी अवगत कराया गया। उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्यप्रणाली से भी अवगत कराया गया।

सैशन जज ने हर एक बैरिक में जाकर सभी बाल कैदियों से वातार्लाप की और उनसे मिलने आए परिजनों से वातार्लाप की कि आपको यहां पर और बच्चों से मिलने में कोई परेशानी तो नहीं हो रही है। किसी भी तरह की असुविधा अगर बाल कैदियों को हो रही है तो उस बारे में जानकारी प्राप्त की।

# नरेला विधानसभा क्षेत्र के लोगों को निःशुल्क दिखाई गई 'द केरला स्टोरी'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सनशाइन** पिक्चर्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले सुदीप्तो सेन के डायरेक्शन में बनी द केरला स्टोरी मूवी खूब चर्चे में है।
अब भी लोग बड़ी संख्या में इस फिल्म को देखने थिएटर पहुंच रहे हैं।
इस फिल्म के रिलीज के बाद से ही पुलिस मित्रा फाउंडेशन ट्रस्ट के संयुक्त सचिव सागर सिंह द्वारा यह फिल्म बालिकाओं के साथ मातृशक्ति को निःशुल्क दिखाई जा रही है।
इसी कड़ी में रविवार को पुलिस मित्रा फाउंडेशन ट्रस्ट के संयुक्त सचिव सागर सिंह ने 133 बालिकाओं, मातृशक्ति को कुंडली के पारकर मॉल स्थित मुक्ता सिनेमा में निःशुल्क द केरला स्टोरी दिखाई



गई। इसके लिए निःशुल्क बसों की भी व्यवस्था की। सागर सिंह ने बताया कि वे अब तक करीब दो हजार से ज्यादा बालिकाओं मातृशक्ति को द केरला स्टोरी निःशुल्क दिखा चुके हैं। ताकि हिंदू धर्म की बहन-बेटियां जागरूक हो सके। आगे भी शेष रहे लोगों को यह फिल्म निःशुल्क दिखाएं जाने



की व्यवस्था की जा रही है। ऐसी फिल्में बार-बार नहीं बनती इसलिए सभी को इस फिल्म को जरूर देखना चाहिए और दूसरों को भी फिल्म देखने के लिए प्रेरित करना चाहिए। द केरला स्टोरी सच्ची घटना पर आधारित है। फिल्म में दिखाया गया है कि किस तरह हिंदू लड़कियों को फंसा कर उनका धर्मांतरण कराया जाता है।
इस फिल्म को देखकर आई बालिकाओं ने बताया कि यह फिल्म सभी को एक बार जरूर देखनी चाहिए ताकि वे किसी के चुंगल में न फंसे और सुरक्षित रहें।
फिल्म देखने पहुंची महिलाओं ने भी बताया कि हमें भी अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा, संस्कार के साथ-साथ उन्हें अपने धर्म के बारे में जानकारी देना जरूरी है।
ताकि उन्हें अपने धर्म के बारे में पता हो और वह ऐसे लोगों के चुंगल में फंसने से खुद को बचा सके और सुरक्षित रह सकें।
इस अवसर पर अंकू विजय भगत, सागर सिंह, निशिकांत झा, खुशी ठाकुर, सुनैना जैन, रामबाबू ठाकुर, धीरज सिंह राजपूत मौजूद रहे।

## पानी की समस्या का समाधान निकाले दिल्ली सरकार: खान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस नेता बद्रूदीन खान ने बताया कि कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है। यही कारण है कि देश के कोने-कोने में कांग्रेस का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है।
उन्होंने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी कहती है कि हम दिल्ली की जनता को मुफ्त पानी दे रहे है, लेकिन वास्तविकता यह है कि दिल्ली की अधिकतर कॉलोनियों में गंदा पानी आ रहा है और मजबूर होकर कॉलोनी वासियों को बाजार से महंगे दामों पर पानी खरीद कर पीना पड़ रहा



है और आम आदमी पार्टी कहती है कि हम दिल्ली की जनता को मुफ्त पानी दे रहे है। उन्होंने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी के राज में आज दिल्ली में विकास की गति काफी धीमी है, जिसके चलते लोग परेशान है।

## भारतीय प्राकृतिक चिकित्सक संघ 28, 29 व 30 जून को मनायेगा स्थापना दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारतीय** प्राकृतिक चिकित्सक संघ राष्ट्रीय संयोजक डॉ अरविन्द कुमार त्यागी एवं महासचिव डॉ प्रबोध राज चन्दोल ने बताया कि वृन्दावन का नाम आते ही मन पुलकित हो उठता है।
योगेश्वर श्रीकृष्ण की मनभावन मूर्ति आँखों के सामने आ जाती है। उनकी दिव्य आलौकिक लीलाओं की कल्पना से ही मन भक्ति और श्रद्धा से नतमस्तक हो जाता है। वृन्दावन को ब्रज का हृदय कहते है, जहाँ राधा-कृष्ण ने अपनी दिव्य लीलाएँ की हैं। इस पावन भूमि को पृथ्वी का अति उत्तम तथा परम गुप्त भाग कहा गया है। पद्म पुराण में इसे भगवान का साक्षात शरीर, पूर्ण



डॉ. अरविन्द त्यागी

ब्रह्म से सम्पर्क का स्थान तथा सुख का आश्रय बताया गया है। इसी कारण से यह अनादि काल से भक्तों की श्रद्धा का केन्द्र बना हुआ है। भारतीय प्राकृतिक



डॉ प्रबोध राज चन्दोल

चिकित्सक संघ राष्ट्रीय संयोजक डॉ अरविन्द कुमार त्यागी एवं महासचिव डॉ प्रबोध राज चन्दोल ने आगे बताया कि चैतन्य महाप्रभु, स्वामी हरिदास, हितहरि वंश, महाप्रभु वल्लभाचार्य आदि अनेक गोस्वामी भक्तों ने इसके वैभव को सजाने और संसार को अनश्वर सम्पति के रूप में प्रस्तुत करने में जीवन लगाया है। यहाँ आनन्दप्रद युगलकिशोर श्रीकृष्ण एवं राधा की अद्भुत नित्य विहार लीला होती रहती है। भारतीय प्राकृतिक चिकित्सक संघ राष्ट्रीय संयोजक डॉ अरविन्द कुमार त्यागी एवं महासचिव डॉ प्रबोध राज चन्दोल ने आगे बताया कि भारतीय प्राकृतिक चिकित्सक संघ अपना 50वां स्थापना दिवस व प्राकृतिक चिकित्सक सम्मेलन आगामी 28, 29 और 30 जून 2023 को वृन्दावन स्थित श्री कृष्णा साधक ट्रस्ट में आयोजित करने जा रहा है।

## सभी को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए: डॉ. भास्कर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जहांगीरपुरी** के समाजसेवी डॉ. एम. एल. भास्कर ने कहा कि रक्तदान महादान होता है, इसलिए मेरी सभी से अपील है कि इस पुण्य के कार्य में सभी हिस्सा ले और अधिक से अधिक बार रक्तदान करें। जिससे की किसी की जान बचाई जा सके। डॉ. एमएल भास्कर ने कहा कि रक्तदान के महत्व का हमें तब पता चलता है कि जब हमारा कोई रक्त की कमी से जूझ रहा होता है और उसे समय पर रक्त नहीं मिल पाता है, इसलिए सभी रक्तदान करें। उन्होंने आगे बताया कि रक्तदान को लेकर आज भी लोगों के मन में कई सारी गलत धारणाएं मौजूद हैं। ज्यादातर लोग



ऐसा सोचते हैं कि रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी आ जाती है और फिर कई बीमारियां लग सकती हैं जों कि पूरी तरह से गलत धारणा है। रक्तदान करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

## सभी आरोपी सलाखों के पीछे हों: सरदार हरमीत सिंह कालका

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री व डीजीपी से अपील की है कि महाराष्ट्र में सिकलीगर सिख युवक की हत्या व अन्यों के साथ मारपीट करने वाले सभी दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए जेल भेजा जाए।
मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे व डीजीपी रजनीश सेठ को लिखे पत्र में दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों ने कहा कि राज्य के परभाणी जिले के तड़कलास गांव में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई जिसमें कुछ शरारती तत्व सिख युवकों



को पीटते और घसीटते नजर आए। इस घटना में तीन सिकलीगर सिख युवकों को रस्सियों से बांधकर बुरी तरह पीटा गया, जिसमें एक सिकलीगर सिख युवक कृपान सिंह मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य घायल हो गए।
उन्होंने कहा कि सिकलीगर सिख समाज मेहनतकश समुदाय है।
उनके पूर्वजों ने देश के लिए बहुत कुछ किया है, लेकिन आजादी के बाद से अब तक किसी सरकार ने उनकी सार नहीं ली और न ही किसी ने उनके उत्थान व प्रगति के लिए काम किया। इस घटना से समूचे सिख समुदाय में रोष है।
सिख कौम के प्रतिनिधि होने के चलते उन्हें लगातार फोन आ रहे हैं कि इस मामले को सरकार के समक्ष उठाया जाए। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए व मृतक परिवार को मुआवजा दिया जाए तथा घायलों के इलाज के लिए राहत राशि प्रदान की जाए.
उन्होंने यह भी बताया कि जल्द ही देश के प्रमुख सिखों का एक प्रतिनिधिमंडल महाराष्ट्र आएगा व उनसे मुलाकात करेगा।

## वैश्विक स्तर पर स्वर्णिम आभा से चमक रही है पत्रकारिता: वत्स

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अखिल** भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ और नेशनल मीडिया नेटवर्क के संयुक्त तत्वावधान में उत्तर पश्चिम दिल्ली स्थित संघ के मुख्यालय बरवाला में 197वें हिंदी पत्रकारिता दिवस पर संघ के राष्ट्रीय महासचिव एवं नेशनल मीडिया नेटवर्क ग्रुप ऑफ न्यूजपेपर्स के संस्थापक समूह संपादक दयानंद वत्स ने हिंदी पत्रकारिता दिवस की सभी हिंदी समाचारपत्र, पत्रिकाओं के पाठकों, प्रकाशकों, लेखकों, पत्रकारों, संपादकों, आकाशवाणी के करोड़ों हिंदी श्रोताओं और दूरदर्शन और निजी प्रसारणकर्ता चैनलों के करोड़ों दर्शकों को हिंदी पत्रकारिता की बधाई दी।



बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजीव झा के आदेशानुसार जलबोर्ड अभियंताओं के साथ जल बोर्ड कार्यालय में मासिक समीक्षा बैठक के दौरान विधायक प्रतिनिधि जल बोर्ड जय प्रकाश यादव व अन्य अधिकारी।



वजीरपुर वार्ड में एक कार्यक्रम के दौरान सम्मानित होते हुए निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी व अन्य।

## दिल्ली के अलावा अन्य राज्यों में भी लगाए जाएंगे कैंप: सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की धर्म प्रचार कमेटी के अध्यक्ष सरदार जसप्रीत सिंह करमसर ने कहा है कि कमेटी द्वारा इस बार गर्मियों की छुट्टियों में बच्चों के लिए लगाये जा रहे गुरमति कैंप में 8 हजार बच्चों व 200 से अधिक अध्यापकों के शामिल होने की संभावना हैं।
यहां आयोजित एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए स. करमसर ने बताया कि पिछले वर्ष इन कैंपों में 140 अध्यापक व करीब 4 हजार बच्चों ने भाग लिया था। इस बार यह संख्या दोगुनी होगी। दिल्ली में 70 जगहों पर कैंप लगाए जा रहे हैं तथा दिल्ली के बाहर कानपुर, आगरा, लखनऊ



के अलावा पंजाब में मोरिंडा में भी यह गुरमति कैंप लगाये जाने की संभावना है।
इस बार शिविरों के लिए तीन पुस्तकें गुरुमुखी की वर्णमाला का ज्ञान, गुरसिक्खी की शिक्षा, गुरमति के मूल सिद्धांत और 10 गुरु साहिबानों का इतिहास आदि सामान्य जानकारी इन पुस्तकों में दी गई है। जो बच्चे इन शिविरों से गुरसिखी का ज्ञान प्राप्त करेंगे वे गुरबाणी को आसानी से समझ सकेंगे।
उन्होंने कहा कि जब वह गुरबाणी पढ़ सकेंगे और कीर्तन कर सकेंगे तो उनके जीवन में परिवर्तन आएगा।
केवल गुरबाणी के माध्यम से हम अपने जीवन को सफल बना सकते हैं।
उन्होंने कहा कि दिल्ली कमेटी के धर्म प्रचार विभाग का मुख्य सिद्धांत गुरुमुखी व गुरमति के सिद्धांत और धर्म का प्रचार घर-घर तक पहुंचाना है।
दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका, महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों व गुरमति विद्वानों का भरपूर सहयोग इन कैंपों के लिए मिल रहा है।
उन्होंने बताया कि यह कैंप 5 जून से शुरू होंगे तथा 25 जून को गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब के भाई लक्खीशाह वणजारा हॉल में समापन होगा। यह सभी कैंप मुख्य तौर पर गुरुद्वारा साहिबानों में लगेंगे।
उन्होंने गुरुद्वारा कमेटियों को अपील करते हुए कहा कि गुरुद्वारा साहिबान में गुरसिक्खी की पाठशालाएं बनवायें। उन्होंने सभी अभिभावकों को कहा कि बच्चों को प्रेरित कर इन कैंपों में लेकर आएं तथा 25 जून के कार्यक्रम में जरूर पहुंचें।

# हैल्प एण्ड केयर फाउंडेशन ने गरीबों व जरूरतमंदों में बांटा अनाज







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के आदर्श नगर इलाके के सांई सेवा सदन में हैल्प एण्ड केयर फाउंडेशन की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 9 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर मोटा अनाज का वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन हैल्प एण्ड केयर फाउंडेशन की अध्यक्ष टीना आहूजा ने किया। इस मौके पर भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूजा कपिल मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष गीता गुलाटी, पूर्व जिला अध्यक्ष अजय शर्मा, मदन अरोड़ा, अशोक बंसल, विनय कुमार, अंजना गुप्ता महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष, नीरज बंसल, कपिल शर्मा, वर्ल्ड विजन से प्रेम कुमार, शशि, पूजा, गीता, पूनम, उषा, सुषमा, नरेन्द्र सिसोदिया, दिव्या, चौखेलाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूजा कपिल मिश्रा ने कहा कि हैल्प एण्ड केयर फाउंडेशन बड़ा ही अच्छा कार्य कर रही है, आज फाउंडेशन के द्वारा गरीबों व असहायों में अनाज का वितरण किया गया है। तो वहीं हैल्प एण्ड केयर फाउंडेशन की अध्यक्ष टीना आहूजा ने कार्यक्रम में आये हुए लोगों का स्वागत किया और गणमान्य लोगों का धन्यवाद किया भी किया।

# 19 जून को होगी विशाल पन्ना प्रमुखों की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**छावनी** विधानसभा के मंडल कार्यकारिणी की बैठक गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज की अध्यक्षता में ग्रेस पैलेस में संपन्न हुई। बैठक शुरू होने से पहले भारत माता, श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय को पुष्पांजलि अर्पित की गई। दीप प्रज्वलित करने के उपरांत अंबाला लोकसभा के सांसद स्वर्गीय रतनलाल कटारिया को श्रद्धांजलि दी गई।गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि मोदी सरकार के 9 वर्षों का कार्यकाल भारत के स्वर्ण युग का कार्यकाल है प्रधानमंत्री मोदी की आज विश्व प्रशंसा कर रहा है अमेरिका के राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री मोदी को कहा लोग आपके साथ डिनर का कार्यक्रम जहां होना है वह स्थान फुल हो चुका है और लोग उस में सम्मिलित होने के लिए अनुरोध कर रहे हैं। मोदी जी की विश्व



लोकप्रियता देखते हुए वह खुद भी उनका ऑटोग्राफ लेना चाहते हैं। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री मोदी जी को विश्व का बॉस बताते हैं। वही गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि लॉर्ड इवन की बनाई हुई संसद में विपक्ष खुशी-खुशी जाना चाहता है लेकिन आजाद भारत की नव निर्मित संसद में जाने में विपक्ष संकोच कर रहा है। अनिल विज ने कार्यकताओं को नवनिर्मित संसद भवन की बधाई देते हुए विपक्ष पर कटाक्ष किया और कहा कि अगर मुर्गा बांग नहीं देगा तो क्या सुबह नहीं होगी। हमेशा की तरह अनिल विज ने अपने ओजस्वी भाषण से कार्यकर्ताओं को नए जोश से सराबोर कर दिया। गृह मंत्री अनिल विज ने बताया कि 30 मई से 30 जून तक मोदी जी के द्वारा 9 वर्षों में कराए गए कार्यों को कार्यकर्ताओं के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रमों द्वारा आमजन तक पहुंचाने का काम किया जाएगा। इसके लिए एक विशेष पुस्तिका भी घर-घर तक पहुंचाई जाएगी। तीनों मंडल के प्रधानों से कहा कि 19 तारीख को अंबाला छावनी विधानसभा का भव्य पन्ना प्रमुख सम्मेलन आयोजित किया जाएगा जिसमें लगभग 4000 पन्ना

**▸▸भव्य पन्ना प्रमुख सम्मेलन आयोजित किया जाएगा जिसमें लगभग 4000 पन्ना प्रमुख हिस्सा लेंगे**

प्रमुख हिस्सा लेंगे। 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सरकारी तौर पर तथा पार्टी स्तर पर बड़े संख्या में योगा कार्यक्रम किए जाएंगे। 23 जून को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल रैली करेंगे जिसमें 1000000 से अधिक लोगों को जोड़ा जाएगा। 25 जून को सुबह 11 बजे मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम के 102 में संस्करण का प्रसारण होगा जिसे सभी कार्यकर्ता बूथ लेवल पर मंडल लेवल पर और विभिन्न स्तरों पर साथ बैठ कर देखेंगे। साथ ही इस दिन को कांग्रेस सरकार द्वारा लगाई गई इमरजेंसी के कारण काला दिवस के रूप में याद किया जाएगा। इस अवसर पर मंडल प्रधान राजीव गुप्ता डिंपल, अजय प्रशार, किरणपाल चौहान, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विजेंद्र चौहान, जिला महामंत्री ललित चौधरी, जिला उपप्रधान जसबीर सिंह जस्सी, वरिष्ठ भाजपा नेता सोम चोपड़ा व ओम प्रकाश सहगल, अनुभव अग्रवाल , कैंटोनमेंट बोर्ड के मनोनीत सदस्य अजय बवेजा, सुरिंदर सहगल गोपी , गृह मंत्री के मीडिया प्रभारी बलकेश वत्स , जसबीर सिंह जस्सी बलविंदर सिंह ललता प्रसाद महामंत्री संजीव सोनी श्यामसुंदर अरोड़ा रामबाबू यादव बी एस बिंद्रा नरेंद्र राणा अनिल कौशल सोशल मीडिया लोकसभा प्रभारी दीपक ओबरॉय के साथ साथ बैठक में सभी मोर्चे, सभी बूथ प्रधान, वार्ड प्रधान, मंडल कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल एवं अभिकांत वत्स ने दी।

# सूरजमुखी की खरीद न होने से किसानों ने जताया रोष



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
अंबाला छावनी की अनाज मण्डी में एक बार फिर से किसान इक्ठठे हुए। भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह कोर कमेटी के बल सिंह कम्बोज सिंह, दलजीत सिंह व अन्य ने बताया कि अंबाला छावनी अनाज मण्डी में सूरजमुखी की फसल की खरीद नहीं की जा रही जिसके चलते किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि किसान पिछले कई खरीदने से फसल लेकर मड़ियों में आ रहे है लेकिन खरीद न होने के कारण निराश होकर लौटना पड़ रहा है। किसानों का कहना था कि इससे पहले अंबाला छावनी अनाज मण्डी से सरकार ने सरसों की खरीद को बंद करते हुए शहजाादपुर को सैंटर बना दिया था और अब इसके बाद एक बार फिर किसानों को परेशान करते हुए अंबाला छावनी के सैंटर को बंद करते हुए अंबाला शहर सहित जिले में खरीद के लिए मात्र तीन सैंटर बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे में सूरजमुखी की फसल की अधिक पैदावार छावनी क्षेत्र व आसपास के गांवों में होती है। यहां पर खरीद सैंटर होना चाहिए था लेकिन इसके विपरीत इस क्षेत्र से खरीद सैंटर को बंद कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार को चाहिए की वह अंबाला छावनी शहपुर सहित अनाज मण्डी को सैंटर बनाए। किसानों ने यह भी कहा कि मण्डी में प्रार्याप्त व्यवस्था की जाए। यहां तक अभी

**▸▸ अंबाला छावनी अनाज मण्डी में सूरजमुखी की फसल की खरीद नहीं की जा रही जिसके चलते किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है**

तक पोटर्ल भी वेरीफाई नहीं किया गया। इसे भी तुरंत वेरीफाई किया जाए तथा जिस किसान की जितनी भी फसल खेत में पैदा होती है सभी फसल का पूरी तरह से उठान किया जाए। अन्यथा किसान एक बार फिर से संघर्ष करने के लिए मजबूर होगे। किसान शमशेर सिंह शाहपुर, साहिब सिंह धनौड़ा, तलविन्द्र सिंह मछौंडा, रघुवीर सिंह बाबाहेड़ी, सौहन सिंह व अन्य ने बताया कि सरकार 7 किवंटल प्रति एकड़ सूरजमुखी खरीदने के लिए कह रही है जबकि अंबाला में 10 से लेकर 12 किवंटल की पैदावार हो रही है। ऐसे मे सरकार को चाहिए कि वह किसानों की फसल का पूरी तरह से उठान करें तथा उन्हें तय समय पर भुगतान भी किया जाए।वहीं इस मामले में जब सचिव नीरज भारद्ववाज से बात की गई तो उन्होंने बताया कि 1 जून से सरकारी खरीद शुरू की जाएगी। उन्होंने बताया कि अभी तक अंबाला छावनी को सूरजमुखी का खरीद सैंटर नहीं बनाया गया है। हमने अधिकारियों को इस संबंध में लिख कर दिया है कि यहां पर भी खरीद सैंटर बनाया जाए। यहां सैंटर बनता है तो किसानों को लाभ हो।

## न्यूज फ्लैश

### सीएम फ्लाइंग ने शहर पटवारखाने में की रेड



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** प्रदेश भर के विभिन्न पटवारखानों में सी एम फलाईंग द्वारा रेड की गई। इस दौरान सीएम फलाईग ने वहां के रिकार्ड रजिस्टरों को जांचा। पटवारखानों में रेड के चलते कर्मचारियों में हड़कप मच गया। हालांकि इस दौरान जब पटवारियों को रेड का पता चला तो वह भी अपने कार्यालयों में पहुंचने शुरू हो गए। गौरतलब है कि इससे पहले अम्बाला शहर के नगर निगम कार्यलय सहित अन्य कई कार्यालयों में भी रेड कि जा चुकी है। हालांकि आज की रेड से भी यह माना जा रहा है कि लोगो को पटवारखाने में आने वाले दिक्कतों को ध्यान में रखते हुए यह रेड कि गई है। यह भी पता चला है कि सीएम फलाईग की टीम ने रिकार्ड को खंगालते हुए वहां मौजूद कुछ लोगों से बातचीत भी की और उनसे यह भी पूछा की वह कितने दिनों से यहां पर चक्कर काट रहे हैं। अंबाला शहर के कचहरी रोड़ स्थित पटवारखाने में सीएम फलाईंग के इंस्पैक्टर सतपाल, सब इंस्पैक्टर हतिन्द्र गौतम, एसआई सुखविन्द्र व अन्य स्टाफ द्वारा रेड की गई। गौरतलब है कि इससे पहले भी सीएम फलाईंग द्वारा समय -समय पर विभिन्न विभागों में जांच की जाती है। इसका मुख्य उद्देश्य कर्मचारी पारदशिता और शीघ्रता के साथ कार्य करना बताया जाता है।

### विश्व तम्बाकू दिवस पर लोगों को किया जागरूक



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस 31 मई को स्वास्थ्य विभाग अम्बाला द्वारा छावनी के अटल केंसर केयर सेंटर में एक जागरूक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पी.एम.ओ डॉक्टर राकेश सहल के नेतृत्व में जागरूक कार्यक्रम की शुरूवात की गई।
कार्यक्रम में ए सीसीसी इंचार्ज डॉक्टर यशपाल वर्मा, एसएमओ डॉक्टर पूजा पेंटल, डॉक्टर चित्रा शर्मा, डॉक्टर विकास गुप्ता, डॉक्टर अनुभा मल्होत्रा, डॉक्टर पियोली, हेल्थ सेनिटरी इंसपेक्टर जतिन यादव, नर्सिंग ऑफिसर रिचा उपस्थित रहे।
जागरूक कार्यक्रम में पीएमओ राकेश सहल ने सम्बोधित करते हुए बताया कि तम्बाकू एक धीमा जहर है जो सेवन करने वाले व्यक्ति को धीरे-धीरे मौत के मुंह मे ढकेलता रहता है। उन्होंने बताया कि अम्बाला छावनी का नागरिक अस्पताल और अटल कैंसर केयर सेन्टर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज का ड्रीम प्रोजेक्ट था जो आज जनता के लिए वरदान साबित हो रहा है। कैंसर के मरीजो को अस्पताल में बेहतर इलाज मिल रहा है। डॉक्टर यशपाल वर्मा ने मरीजो को बताया कि उनके परिवार में किसी जानकारी में यदि कोई गुटका, तंबाकू या फिर किसी अन्य तंबाकू उत्पाद का सेवन करता है तो तंबाकू छुड़वाने के लिए स्वास्थ्य विभाग में सम्पर्क करें।

### छावनी के विवेक चड्ढा से चेन झपटी

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अंबाला में चेन सनैचरों का आतंक तेजी से बढ़ता जा रहा है। बीती रात चोरों ने एक्टिवा सवार युवक के गले से चेन छीन ली। पुलिस को दी शिकायत में विवेक चड्ढा ने बताया कि वह अपने घर के बाहर खड़ा था तभी मोटर साईकिल पर दो युवक आए और उसकी चेन छीन कर फरार हो गए। शिकायतकर्ता ने बताया कि युवकों ने हैलमेट पहने हुए थे लेकिन इसी दौरान इन युवकों का पीछा भी किया गया। टांगरी बांध तक इन्हें पकडने की कोशिश की गई लेकिन दोनों युवक भाग निकले।

# एस आर दयानंद स्कूल के बच्चों ने वॉटर पार्क का उठाया लुत्फ

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
अंबाला शहर एस आर दयानंद सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद व मनोरंजन एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए बच्चों और अध्यापकों के लिए एच 2ड्ड वाटर पार्क और एम्यूजमेंट पार्क भेजा गया। वहाँ उन्होंने विभिन्न प्रकार के झूले लिए और वाटर पार्क का



आनंद उठाया। गर्मी में ठंडे ठंडे पानी खेलते बच्चे बहुत ही खुश लग रहे थे इसके पश्चात बच्चों को भोजन एवं स्नैक्स वितरित किए गए। बच्चे इस प्रकार के भ्रमण से बहुत प्रसन्न थे।
इस तरह के भ्रमण से बच्चों में एकता और मेलजोल की भावना का जन्म होता है। एसआरडीपीएस परिवार भविष्य में भी इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण आयोजित करता रहेगा। एडमिनिस्ट्रेटर रजत बंसल और प्रधानाचार्या डॉक्टर चित्र आनंद ने इस सफल आयोजन के लिए सभी अध्यापक गणों व अभिभावकों को बधाई दी।

# केयू के पहलवानों ने खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में जीते 06 मेडल्स



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में वाराणसी में आयोजित खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के 13 पहलवानों ने क्वालिफाई किया और बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 06 पदक जीते जिसमें 02 स्वर्ण 02 रजत और 02 कांस्य पदक शामिल हैं । कुलपति प्रो सोमनाथ सचदेवा ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी और खेल विभाग के निदेशक डॉ. राजेश सोबती, टीम के कोच रमेश चंद और मैनेजर डॉ. बलिन्दर गुलिया की प्रशंसा की और आने वाले वर्षों के लिए शुभकामनाएं दी।

# छात्रों को दी बेसिक इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं की जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
मुरलीधर डी ए वी पब्लिक स्कूल मे रोबोटिक्स क्लब द्वारा क्रिया कलाप छात्रों को कराइ गई, जिसका मुख्य उद्देश्य था बेसिक इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं जैसे लैड, रजिस्टंस, कैपेस्टर और बैटरी के बारे मे जानकारी देना तथा उनको ब्रैडबोर्ड पर लगाकर कैसे जोड़ते है कइसकी जानकारी कक्षा नौवीं व दसवीं के छात्रों को क्लब की इंचार्ज नूतन व रोहित ने दी उन्होंने बताया कि कैसे रजिस्टंस को सीरीज और पैररेल मे कनेक्शन किया जाता है सिखाया और फिर छात्रों ने स्वंय इस कार्य को दोहराया कछात्र इस क्रिया



कलाप को करने के बाद दैनिक जीवन मे इसे दोहराने के लिए अति उत्सुक लगे कसबसे अधिक पार्टिसिपेशन नौवीं जी के अजीत सिंह, नौवीं बी उदय, नौवीं डी के शौर्य व नौवीं इ के उतराक्ष ने किया कछात्रों को ग्रीष्मावकाश के लिए एक प्रोजेक्ट दिया गया, कैसे मिनी रोबोट बग बनाना है ककैसे ड्रोन को बनाना है।

## शैल लुब्रिकेंट्स ने लॉन्च किया 'सपने होंगे अपने'

**गुरुग्राम।** फिनिश्ड लुब्रिकेंट्स के क्षेत्र में दुनिया की दिग्गज शैल ने मैकेनिक समुदाय के लिए सपने होंगे अपने पहल शुरू करने की घोषणा की है जो उनके सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करने में मदद पहुंचाएगी। इस पहल को, शैल लुब्रिकेंट्स इंडिया द्वारा हाल में कराए एक आंतरिक सर्वे का भी समर्थन हासिल है जिससे यह खुलासा हुआ था कि अधिकांश मैकेनिक्स किसी ब्रैंड के साथ जुड़ाव के लिए कई भावनात्मक पहलुओं जैसे कि आमदनी (वर्कशॉप अपग्रेड), परिवार (बच्चों की पढ़ाई और घर-परिवार की जरूरतें), पहचान (मान्यता), और हुनर (उन्नत कौशल हासिल करना) से प्रेरित होते हैं। वे इन क्षेत्रों में ब्रैंड से सार्थक सहयोग की अपेक्षा रखते हैं।

# लोगों ने अपनी मांगों को लेकर दिया धरना

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सूबेदार प्रताप सिंह और महिपाल सूबेदार के नेतृत्व में पानीपत ग्रामीण हलके की बाहरी कॉलोनियों के लोगों ने बुधवार को अपनी मांगों को लेकर जिला सचिवालय के सामने पुल के नीचे धरना दिया जोकि तीन दिन चलेगा और 2 जून को प्रदर्शन के उपरांत ज्ञापन सौंपा जाएगा। वहीं महिपाल सूबेदार ने कहा कि पानीपत ग्रामीण हलके की कॉलोनियों की अनेकों समस्याओं को लेकर पहले भी धरना प्रदर्शन करके व ज्ञापन देकर जिला प्रशासन व सरकार से मांग कर चुके है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है। परिवार पहचान पत्र में इनकम की गलतियों के चलते जिन



पात्र गरीबों के राशन कार्ड और बुढ़ापा व विधवा पेंशन कट गई थी लेकिन उनका अभी तक भी कोई ठोस समाधान नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में पानीपत शहर में विकास शुल्क 120 रूपए प्रति गज है जबकि ग्रामीण हलके की कालोनियों में यह शुल्क 302 रूपए प्रति गज है। इसलिये ग्रामीण हलके की बाहरी कालोनियों में भी शहर की तर्ज पर ही 120 रूपए किया जाये। वहीं फैमिली आईडी से बुढ़ापा व विधवा पेंशन को हटाया जाये ताकि सभी पात्रों की कटी पेंशन दोबारा से बन सके। कांग्रेस नेता बलजीत बाल्मीकि ने कहा कि फैमिली आईडी में गलत इनकम दशार्ने से इस वर्ष बहुत से अनुसूचित जाति के बच्चों को उच्च शिक्षा में लाभ नहीं मिल पाया है। इस अवसर पर शमशेर बाल्मीकि, विशंभर गुर्जर, बलवान शर्मा, नवीन चौहान, सुरेंद्र, कंवरपाल खोकर, सूबेदार जीत सिंह, महेंद्र सैनी, बृजमोहन मित्तल, सत्यवान बैरागी, सुधीर शर्मा, प्रकाश दुबे, तेलू राम, राम किशन व महेंद्र सैनी आदि कालोनी वासी मौजूद रहे।

# पानीपत से आप के हजारों कार्यकर्ता तिरंगा यात्रा में पहुंचेगे जींद

## आप के जिला अध्यक्ष राकेश चुघ ने ली शहरी हलके के पदाधिकारियों की बैठक



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**आम आदमी** पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश चुघ ने सनौली रोड स्थित रामायणी चौक स्थित कार्यालय में बुधवार को पानीपत शहरी विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारियों व कार्यकताओं की बैठक ली। बैठक में आप द्वारा 8 जून को जींद में निकाली जाने वाली तिरंगा यात्रा में पानीपत जिला से कार्यकर्ताओं के भारी संख्या में पहुंचने को लेकर विचार विमर्श किया गया। वहीं जिला अध्यक्ष राकेश चुघ ने कहा कि तिरंगा यात्रा में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान शिरकत करेंगे।
उन्होंने दावा किया कि पानीपत जिला से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता जींद की तिरंगा यात्रा में शामिल होंगे। आप के प्रदेश संयुक्त सचिव सुखबीर सिंह मलिक ने कहा कि तिरंगा यात्रा को लेकर

**▸▸ पानीपत जिला के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं में भारी जोश है और भारी संख्या में सभी कार्यकर्ता जींद पहुंचेंगे**

पानीपत जिला के सभी पदाधिकारियों व कार्यकताओं में भारी जोश है और भारी संख्या में सभी कार्यकर्ता जींद पहुंचेंगे। करनाल लोकसभा प्रभारी दलविंद्र चीमा ने कहा कि पार्टी के सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह 1 जून को करनाल के आंबेडकर चौक स्थित डॉ. मंगलसेन ऑडिटोरियम में होगा। इस अवसर पर रितु अरोड़ा, अजय शर्मा, नीलम प्रणामी, रेणू राणा, प्रीतपाल खेड़ा, योगेश कौशिक, राजकुमार मुंडे, देवेन सलूजा, कुलदीप शर्मा, अर्जुन सैनी, पवन कोहली, हरीश सलूजा, हरीश बजाज, जोनी सगु, जोनी चावला आदि मौजूद रहे।

# तुलसी पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय बाल संस्कार शिविर आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
तुलसी पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय बाल संस्कार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कक्षा तीसरी से पांचवीं तक के बच्चों ने भाग लिया। शिविर आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य बच्चों के शारीरिक, मानसिक व रचनात्मक विकास के साथ-साथ उनमें नैतिक मूल्यों का विकास करना भी था। इसके लिए बच्चों को एक्टिविटीज व कहानियों द्वारा अपनी सोच को सकारात्मक रखना, अपने व्यवहार को उचित रखना और संघर्षों का डटकर सामना करना सिखलाया गया। ब्रह्मकुमारी आश्रम से आए सुमन दीदी, किरन दीदी व एकता दीदी




ने बच्चों को मोबाइल के अत्यधिक उपयोग के दुष्परिणामों के बारे में बताते हुए उसके सीमित उपयोग करने व समय के सदुपयोग के विषय में बताया। बच्चों ने आर्ट एण्ड क्राफ्ट की कक्षा में अनुपयोगी और फालतू सामान से गृह सज्जा की सुन्दर-सुन्दर वस्तुएँ बनानी सीखी। बच्चों को शिविर में जूम्बा, गायन,



पब्लिक स्पीकिंग, डिग्निटी ऑफ लेबर, टेबल मैनर्स, वैदिक मैथ्स के साथ-साथ बच्चों को यह भी सिखाया गया कि गर्मियों में वे प्रतिदिन पक्षियों के लिए पानी रखें। बच्चों को सब से अधिक मजा कुम्हार के साथ मिट्टी के बर्तन तथा कसोरे बनाने में आया कबच्चों ने योग, प्राणायाम व विभिन्न आसनों द्वारा स्वस्थ रहने का गुर सीखा। शिविर में भाग लेकर बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था। बच्चों के चेहरे की रौनक शिविर की सफलता की कहानी बयां कर रही थी। शिविर के अंत में स्कूल डायरेक्टर रीता मुंजाल ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि कैसे अच्छे संस्कारों द्वारा हम अपने जीवन को सफल बना सकते हैं। शिविर का आयोजन भारत विकास परिषद केशव शाखा की सहभागिता से किया गया था।

**▸▸ बच्चों के शारीरिक, मानसिक व रचनात्मक विकास के साथ-साथ उनमें नैतिक मूल्यों का विकास करना भी था**

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया



RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

आदर्श रसोई साल दूसरा - सप्ताह 10वां

# 'राकेश भारद्वाज चौक' पर मनाया संरक्षक सुरेंद्र त्यागी का जन्मदिन

### राकेश भारद्वाज चौक पर आदर्श रसोई ने सुरेंद्र त्यागी की 50वीं शादी की सालगिरह को किया सेलिब्रेट, माला व पगड़ी पहनाकर किया अभिनंदन



















**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**आदर्श** नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले "**राकेश भारद्वाज चौक**" पर धूमधाम से आदर्श रसोई के संरक्षक सुरेंद्र त्यागी का जन्मदिन मनाया गया। साथ ही सुरेंद्र त्यागी की 50वीं शादी की सालगिरह भी सेलिब्रेट की गई।

## आदर्श रसोई का एक साल रहा बेमिसाल

आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के सबसे मशहूर और व्यस्ततम चौक "**राकेश भारद्वाज चौक**" पर क्षेत्र की सुप्रसिद्ध सामाजिक संस्था "आदर्श रसोई" ने साप्ताहिक रविवारीय कार्यक्रम को बड़े ही उत्साह, हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया। आदर्श रसोई अपने पदाधिकारियों की सेवा, समर्पण और निःस्वार्थ भावना से आज सामाजिक कार्यों में नए आयाम स्थापित कर चुकी है।

## निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य में आदर्श रसोई ने वितरित की कोल्डड्रिंक

अपनी नई और नायाब पहल के लिए मशहूर आदर्श रसोई में इस बार भी कुछ अलग ही देखने को मिला। इस बार "**राकेश भारद्वाज चौक**" पर आदर्श रसोई के संरक्षक सुरेंद्र त्यागी ने रिबन काटकर आदर्श रसोई की विधिवत शुरूआत की। इस मौके पर त्यागी परिवार मौजूद रहा। सुरेंद्र त्यागी ने श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस मौके पर त्यागी परिवार का सभी पदाधिकारियों ने भव्य स्वागत किया। वहीं, पगड़ी पहनाकर उनका अभिनंदन किया गया। हर रविवार को राकेश भारद्वाज चौक पर लोगों का हुजूम देखने लायक होता है। वहीं, निर्जला एकादशी के अवसर पर आदर्श रसोई की ओर से अन्न वितरण के साथ साथ कोल्ड ड्रिंक की बोतले भी वितरित की गई।

## क्या बोले आदर्श रसोई के संरक्षक सुरेंद्र त्यागी

इस विशेष मौके पर सुरेंद्र त्यागी ने कहा कि "**राकेश भारद्वाज चौक**" पर आदर्श रसोई ने सफलतापूर्वक एक वर्ष पूरा किया है। आदर्श रसोई का सालाना कार्यक्रम अपने आप में सफलता का परचम लहरा चुका है। श्री त्यागी ने कहा कि आदर्श रसोई निरंतर और नियमित रूप से राकेश भारद्वाज चौक पर निस्वार्थ रूप से विशेष रविवारीय कार्यक्रम का बड़े ही नायाब ढंग से आयोजन करती है, जिसके सभी कायल हैं। सभी पदाधिकारियों का दिल की गहराईयों से अभिनंदन करता हूं। श्री त्यागी ने कहा कि आज हमारे समाज में आदर्श रसोई जैसी सामाजिक संस्था की जरूरत है जो निःस्वार्थ भाव से समाजसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाएं। इस सामाजिक कार्य के लिए आदर्श रसोई की पूरी टीम को दिल की गहराईयों से अभिनंदन और शुभकामनाएं।





## मेरे छोटे भाई और पुण्यआत्मा थे श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी: सुरेंद्र

श्री त्यागी ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि राकेश जी मेरे छोटे भाई थे। उनके दिखाए मार्ग पर अब उनके सुपुत्र रवि भारद्वाज चल रहे है। श्री त्यागी ने कहा कि राकेश भारद्वाज जी का आज हमारे बीच न होना बहुत दुखद है। सच्चे दोस्त, जिंदादिली इंसान और समाज के प्रति कुछ कर गुजरने की सोच उनको हम सबसे अलग बनाती थी। जो कुछ राकेश भारद्वाज जी ठान लेते थे उसको अमलीजामा पहनाकर ही दम लेते थे। आदर्श रसोई की नींव भी उन्हीं के सोच का नतीजा है। राकेश भारद्वाज जी आज हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनकी सोच और समाज के प्रति दायित्व को आदर्श रसोई के पदाधिकारी और उनके सुपुत्र रवि भारद्वाज मिलकर निरंतर रूप से आगे बढ़ा रहे हैं और दिन-प्रतिदिन आदर्श रसोई नित नए आयाम स्थापित कर रही है जो काबिलेतारीफ है।

## लजीज व्यंजनों से सजी थी आदर्श रसोई की थाली

आदर्श रसोई अपने नेक कार्यों के साथ-साथ स्वादिष्ठ, विशेष थाली के लिए भी मशहूर है। इस रविवार विशेष रसोई का आयोजन किया गया। थाली में तंदूरी रोटी, छोले-कढ़ी, आलूमटर, अचार, सलाद, रायता उपलब्ध करवाया गया था। साथ ही सभी को आइसक्रीम भी परोसी गई। निशुल्क पानी का भी विशेष प्रबंध किया गया था।









# पीएफआई: 25 ठिकानों पर एनआईए की रेड, दस्तावेजों को खंगाला

### बिहार, कर्नाटक, केरल समेत 25 ठिकानों पर एनआईए की रेड, कटिहार में पीएफआई नेता के यहां छापेमारी; फुलवारीशरीफ मामले में पूछताछ

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**

**पीएफआई** के फुलवारीशरीफ मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बिहार, कर्नाटक और केरल में करीब 25 ठिकानों पर रेड मारी है। एनआईए की टीम ने कटिहार के हसनगंज थाना क्षेत्र के मुजफ्फर टोला में लगभग 3 घंटे तक छापेमारी की। एनआईए की टीम ने नासिर हुसैन के घर कई दस्तावेज को खंगाला। वहीं, स्थानीय लोगों की मानें तो एनआईए पूछताछ के लिए महबूब आलम नदवी के भाई मोहम्मद जावेद को अपने साथ ले गई है। हालांकि, आधिकारिक रूप से अब तक इसकी कोई पुष्टि नहीं है। जुलाई 2022 में पटना के फुलवारीशरीफ में पुलिस की रेड में पीएफआईआ से जुड़े कुछ लोग पकड़े गए थे। छापेमारी में इंडिया 2047 नाम का 7 पेज का डॉक्यूमेंट भी मिला है। इसमें अगले 25 साल में भारत को मुस्लिम राष्ट्र बनाने की प्लानिंग



की गई थी। इसी टारगेट को पूरा करने के लिए मुस्लिम युवाओं को हथियार चलाने की ट्रेनिंग दी जा रही थी। उस समय 6 लोगों की गिरफ्तारी हुई थी। इसमें पूछताछ में पता चला था कि 12 जुलाई को पटना आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर ये हमला करना चाहते थे। इसके लिए उन्हें 15 दिन से ट्रेनिंग दी जा रही थी। इसको लेकर पहले पटना पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी। बाद में मामला एनआईए के पास चला गया। तब से एनआईए लगातार छापेमारी कर रही है। इस साल 4-5 फरवरी को, एनआईए ने बिहार के मोतिहारी में आठ जगहों पर भी रेड मारी थी। दो लोगों को गिरफ्तार किया था। जिन्होंने हत्या को अंजाम देने के लिए हथियार और गोला-बारूद की व्यवस्था की थी।

गिरफ्तार लोगों की पहचान तनवीर रजा उर्फ बरकती और मोहम्मद आबिद उर्फ आर्यन के रूप में हुई।

# नीतीश सरकार बदल कर ही लेंगे चैन की सांस: चिराग

**टीम एक्शन इंडिया/बेगूसराय**

**लोक ज**नशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद चिराग पासवान ने बुधवार को बेगूसराय जिले के बछवाड़ा आजाद नगर में चौहरमल पूजनोत्सव का शुभारंभ किया। इस दौरान समिति की ओर से चिराग पासवान को मंच पर सिक्कों से तौलकर तलवार सौंपा गया। समारोह को संबोधित करते हुए चिराग पासवान ने कहा कि आज हम सबको एकजुट होने की जरूरत है। सोचने की बात है कि आजादी के 75 साल में हम अमृत महोत्सव मना रहे हैं। देश में सभी राज्य तरक्की ओर है, वहीं आज भी मेरा बिहार प्रदेश पिछड़ा प्रदेश कहलाता है। भारत एक साथ आजाद हुआ, भारत के तमाम प्रदेश एक साथ आजाद हुए तो बिहार के पिछड़ेपन का क्या कारण है। दिल्ली एवं मुंबई चमकता शहर बना और हमारा बिहार आजादी के 75 साल बाद भी मूलभूत जरूरतों के लिए तरस रहा है। आज भी शिक्षा और रोजगार सबसे बड़ी समस्या है। देश दुनिया में विकास की गाथा लिख रहा है, ऐसे में अपने बिहार के विकास के लिए एक लंबी लड़ाई की शुरूआत लोक जनशक्ति पार्टी कर चुकी है। एक ऐसी लड़ाई जो बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट बनाने में लगे हैं। उस लड़ाई में आप सबका साथ मांगने आए हैं, आप सबों का आशीर्वाद लेने आए हैं। हमारे नेता के साथ हुए हर अपमान का बदला लेंगे। कुछ लोग सोचते हैं कि चिराग पासवान सत्ता के प्रलोभन में आ जाएगा। वह लोग यह नहीं जानते कि चिराग पासवान के रगों में रामविलास पासवान का खून है।




**शिकंजा** राजवर्धन को उज्जैन से पकड़ा, मॉडल को 2 मंत्रियों से मिलवाने का झांसा देकर बुलाया था

# यूपी भवन में यौन शोषण का आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/उज्जैन/नई दिल्ली**

**दिल्ली** पुलिस ने बुधवार को यूपी भवन में अभिनेत्री से यौन शोषण के आरोपी राजवर्धन परमार को गिरफ्तार किया। पुलिस उसे उज्जैन से लेकर दिल्ली आ रही है। जहां उसे कोर्ट में पेश किया जा सकता है। 27 मई को मामला दर्ज होने के बाद से ही राजवर्धन फरार था। एक मॉडल 27 मई को दिल्ली के चाणक्यपुरी थाने पहुंची। उसने महाराणा प्रताप सेना का राष्ट्रीय अध्यक्ष राजवर्धन पर यौन शोषण का आरोप लगाया। उसने कहा, राजवर्धन ने उसे केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह और नितिन गडकरी से मिलवाने का झांसा दिया। दोनों मंत्रियों से



मीटिंग कराने के लिए वह मुझे 26 मई को यूपी भवन में ले गया। यहां के कमरा नंबर-122 में उसने मेरे साथ यौन शोषण का प्रयास किया। इस मामले से जुड़ा यह चैट वायरल हुआ है। इसे पीड़िता और आरोपी के बीच की बातचीत बताई जा रही है। हालांकि, पुलिस ने इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी।

**"कमरा लॉक करके मेरे सामने खड़ा हो गया"**: पीड़िता की तरफ से दर्ज एफआईआर के मुताबिक, "राजवर्धन सिंह परमार खुद को बीजेपी नेता और राजनाथ सिंह को अपना ताऊ बताता है। मेरी पहली बार उससे मुलाकात 25 मई, 2023 को दिल्ली के विट्ठल भवन पटेल चौक के कैफे कॉफी शॉप में हुई। उसने मुझे 26 मई को भी इसी भवन पर बुलाया और यह कहकर यूपी भवन ले गया कि चलो आपको वहां नितिन गडकरी और राजनाथ सिंह से मिलवाता हूं। जब मैंने रूम में जाकर देखा, तो वहां कोई नहीं था। अंदर से लॉक लगाकर राजवर्धन सिंह परमार ने वेट करने के लिए कहा कि कुछ देर में दोनों नेता आ रहे हैं। उसके बाद मीटिंग हो जाएगी।" एफआईआर के मुताबिक, "इस दौरान आरोपी बाथरूम गया। वहां कपड़े उतार कर बाहर आया और मेरे सामने खड़ा हो गया। मैंने भागने की कोशिश की, तो जबरदस्ती करने लगा।